
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



बॉलीवुड सितारों ने पेरिस में धर्म के नाम पर शिक्षक का सिर काटने पर की कड़ी आलोचना : ट्रंप - 08

पासवर्ड नहीं अब आ रहा पास-की ...

वर्ष : 09 | अंक : 323 | लखनऊ, 30 अक्टूबर, सोमवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 64,948.66

19,310.15

## संक्षिप्त समाचार

### त्रिपुरा में बसाये गए दो हजार ब्रू परिवारों को एक साल से मासिक भत्ता नहीं मिला : समुदाय के नेता

त्रिपुरा के धलाई जिले में बसाये गए करीब दो हजार ब्रू परिवारों को पिछले एक साल से कोई मासिक भत्ता नहीं मिला है, जिस वजह से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन लोगों के एक नेता ने यह दावा किया। यह समझौता तीन साल पहले हुआ था। जिलाधिकारी एस.एस. जायसवाल को लिखे एक पत्र में ब्रूहापाड़ा बस्ती इलाके के सहायक प्रभारी करणजॉय रेयांग ने कहा कि जातीय संघर्षों के कारण अपने गृह राज्य मिजोरम को छोड़ने के लिए मजबूर होने वाले विस्थापित आदिवासियों को अक्टूबर 2022 से मासिक भत्ता नहीं मिला है। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ब्रू समुदाय के लोगों को यह भत्ता केंद्र द्वारा दिया जाता है और तकनीकी कारण से इसमें देर हुई होगी। जिलाधिकारी को लिखे पत्र में रेयांग ने कहा, मासिक नकद सहायता मिलने में देरी, ब्रू परिवारों को वित्तीय संकट में डाल देगी। इस संदर्भ में, मैं आपसे जरूरी कदम उठाने का अनुरोध करता हूं ताकि उन्हें (ब्रू परिवारों को) नकद सहायता प्राप्त हो सके। समझौते के मुताबिक, कुल 6,953 ब्रू परिवारों में से प्रत्येक परिवार दो वर्षों के लिए पांच हजार रुपये मासिक भत्ते का हकदार है। साथ ही, उन्हें एक भूखंड, उसपर मकान के निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपये और चार लाख रुपये की एकमुश्त राशि सहित अन्य सुविधाएं भी प्रदान की गईं हैं। इस समझौते पर ब्रू समुदाय के प्रतिनिधियों, केंद्र सरकार, त्रिपुरा और मिजोरम सरकार के अधिकारियों द्वारा नयी दिल्ली में जनवरी 2020 में हस्ताक्षर किए गए थे।

### दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को जारी किया नोटिस

#### हिंदू देवियों की आपत्तिजनक तस्वीरों से जुड़ा है मामला

नई दिल्ली, दिल्ली महिला आयोग ने इंटरनेट पर बेची जा रही हिंदू देवी देवताओं की आपत्तिजनक तस्वीरों के संबंध में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। इंटरनेट पर हिंदू देवी देवताओं की आपत्तिजनक तस्वीरें बेची जा रही है जिसे लेकर एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज की है। शिकायत करता ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग हिंदू देवी देवताओं की अश्लील तस्वीरों को ऑनलाइन भेज रहे हैं। इस मामले पर शिकायतकर्ता का कहना है कि उसे संबंध में कुछ ईमेल प्राप्त हुए हैं जिसमें हिंदू देवी देवताओं की कुछ तस्वीरें भी हैं जो बेहद अश्लील है। व्यक्ति की शिकायत मिलने के बाद दिल्ली महिला आयोग के अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने इस मामले में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर दिया है। साथ ही उन्होंने कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी है। दिल्ली महिला आयोग ने इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के विवरण के साथ फिर की कॉपी दिल्ली पुलिस से मांगी है। इसके साथ ही आयोग ने अश्लील तस्वीरों को इंटरनेट से हटाने और इस तरह के काम किए जाने पर रोक लगाने के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा जो कदम उठाए गए हैं उनका विवरण भी मांगा है।

# सरदार पटेल की जयंती पर मेरा युवा भारत संगठन की नींव रखेंगे पीएम मोदी

अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मेरा युवा भारत नामक एक संगठन की नींव रखे जाने की घोषणा की, जो राष्ट्र निर्माण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं में देश क युवाओं को सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर प्रदान करेगा। आकाशवाणी पर रविवार को प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 106वीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए मोदी ने पिछले कुछ वर्षों में खादी से जुड़े उत्पादों की बिक्री में हुए इजाफे का हवाला दिया। उन्होंने देशवासियों से एक बार फिर अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों को खरीदने की अपील की और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने इस महीने की शुरूआत में गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी भंडार में एक ही दिन में डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा की बिक्री का उल्लेख करते हुए कहा, 10 साल पहले देश में जहां खादी उत्पादों की बिक्री बड़ी मुश्किल से 30 हजार करोड़ रुपये से भी कम की थी, आज यह बढ़कर सवा लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि खादी की बिक्री बढ़ने का मतलब है इसका फायदा शहर से लेकर गांव तक में अलग-अलग लोगों तक पहुंचता है। मोदी ने कहा कि इस बिक्री का लाभ बुनकरों, हस्तशिल्प कारीगरों, किसानों, आयुर्वेदिक पौधे लगाने वालों और कुटीर उद्योगों को मिलता है। प्रधानमंत्री ने इसे वोकल फोर लोकल अभियान की ताकत बताते हुए देशवासियों से आग्रह किया वे जब भी पर्यटन या तीर्थटन पर जाएं, तो वहां के स्थानीय उत्पादों को जरूर खरीदें। उन्होंने लोगों से अपनी यात्रा के कुल बजट के कुछ हिस्से को स्थानीय उत्पादों की खरीदारी के लिए रखने का आग्रह किया। आगामी त्योहारों का उल्लेख करते हुए मोदी ने लोगों से अपनी खरीदारी में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया और कहा कि दृष्टि केवल छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी से सामान लेने तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा, आज भारत दुनिया में विनिर्माण का बड़ा केंद्र बन रहा है। कई बड़े ब्रांड यहीं पर अपने उत्पाद तैयार कर रहे हैं। अगर हम उन उत्पादों को अपनाते हैं, तो मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलता है और यह भी लोकल के लिए वोकल ही होना होता है।

प्रधानमंत्री ने ऐसे उत्पादों को

# आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के आदिवासियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं : नड्डा

अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एक तरह से चुनावी अभियान की शुरूआत करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन जैसे आदिवासी मुख्यमंत्री ने झारखंड में आदिवासियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। नड्डा ने यहां एक रैली में कहा कि सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार कई घोटालों में शामिल है। भाजपा अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि राज्य सरकार भूमि, बालू और अन्य माफियाओं को संरक्षण दे रही है, यही वजह है कि सोरेन सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीआई और अन्य एजेंसियों की राडार पर है। उन्होंने आरोप लगाया, सोरेन सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। उन्होंने दावा किया, लोगों का उत्साह दिखाता है कि उन्होंने यहां फिर से कमल खिलाने का संकल्प ले लिया है।

सोरेन के नेतृत्व में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है। झारखंड के मुख्यमंत्री वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। झारखंड को भूख, भ्रष्टाचार और कुशासन से मुक्त करने के नारे के साथ भाजपा की संकल्प यात्रा के समापन पर आयोजित रैली में नड्डा ने आरोप लगाया, उन्होंने (सोरेन) आदिवासियों की बात की और उनके वोट मांगे, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान आदिवासी समुदाय के हितों को पहुंचाया। वोट बैंक की राजनीति के लिए उन्होंने झारखंड में धर्म परिवर्तन को सहमति दे दी है। उनका वोट बैंक बरकरार रहना चाहिए, चाहे आदिवासियों की संस्कृति का कुछ भी हो जाए।

उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों को यह समझने की जरूरत है कि जब भाजपा सत्ता में आती है, तो वह लोगों की सेवा करती है, लेकिन जब झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस सत्ता में होते हैं, तो वे अपना खजाना भरने में व्यस्त हो जाते हैं। सोरेन पर उनकी कथित तुष्टिकरण नीति के लिए निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष ने जानना चाहा कि जब मंदिरों में तोड़फोड़ की गई तो कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। वरिष्ठ भाजपा नेता ने आरोप लगाया, पुलिस रक्षक से भक्षक बन गई है... झारखंड में जंगल राज कायम है।

# स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद्द, धमाके के बाद लिया फैसला

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केरल की एनार्कुलम में कलामसेरी स्थित एक कन्वेंशन सेंटर में तीन जबरदस्त धमाके हुए हैं जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 लोग घायल हुए हैं। इस धमाके के बाद केरल में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन से बातचीत की है और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया है। बता दें कि यह घटना उसे समय हुई जब कन्वेंशन सेंटर में प्रार्थना चल रही थी। इस घटना के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन से बातचीत की है। विस्फोट के बाद उन्होंने राज्य की स्थिति का जायजा लिया है। वहीं घटना के बाद एनआईए और एनएसजी को भी मौके पर पहुंचकर घटना के स्थिति की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। घटनास्थल को लेकर केरल के उद्योग मंत्री पी राजीव ने बताया कि विस्फोट स्थल की घेराबंदी कर दी गई है। पुलिस और फायर विभाग मिलकर रेस्क्यू काम में जुटे हुए हैं। वहीं केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि कोच्चि के अस्पतालों में छुट्टी पर गए स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद्द की गई है। सभी को तत्का प्रभाव से काम पर लौटने के लिए कहा गया है। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को तत्काल अस्पताल लौटने के निर्देश दिए गए है।

# गृहमंत्री अमित शाह ने की सीएम पी. विजयन से बात, धमाके के बाद लिया स्थिति का जायजा

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केरल के कलामासेरी में एक कन्वेंशन सेंटर में रविवार सुबह हुए धमाके के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पी विजयन से बातचीत की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तीन धमाके हुए हैं जिससे कन्वेंशन सेंटर दहल गया है। इन धमाकों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जानकारी मिलने के बाद घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कलामासेरी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि फिलहाल धमाके की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। यह भी पुष्टि नहीं हो सकी है कि मौके पर एक से ज्यादा धमाका तो नहीं हुआ। अधिकारी के मुताबिक, धमाका कथित तौर पर एक ईसाई समूह के कन्वेंशन सेंटर पर हुआ।



उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजे धमाके की सूचना वाला फोन आया और पुलिस की मदद मांगी गई। टेलीविजन चैनल पर प्रसारित घटना के दृश्यों में बड़ी संख्या में दमकल कर्मियों और पुलिस कर्मियों को घटनास्थल से लोगों को निकालते हुए देखा जा सकता है। कन्वेंशन सेंटर के अंदर हुए धमाके के विचलित करने वाले दृश्यों में हॉल में कई जगहों पर आग लगी नजर आ रही है, जिससे डरे लोग चिल्लाते दिख रहे हैं। धमाके के बाद सैकड़ों लोग कन्वेंशन सेंटर के बाहर खड़े नजर आए।

### अमित शाह ने की पी विजयन से बात

इस जोरदार धमाके के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन से भी बात की है। केरल में हुए इस धमाकी की जांच करने के लिए एनएसजी की एनबीडीएस की टीम भी जाएगी। प्रशासन ने अस्पतालों को भी पूरी तरह से तैयार रहने के निर्देश जारी किए है। इस घटना के बाद एक चश्मदीद ने कहा कि धमाका हॉल के बीच में हुआ है और धमाके की तीन आवाजें भी सुनी है। वहां बहुत धुंआ हुआ था।

### पी विजयन का भी आया बयान

इस घटना के बाद पी विजयन ने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है। हम जानकारी इकट्ठा कर रहे है। एनार्कुलम में सभी शीर्ष अधिकारी है। डीजीपी भी घटना स्थल पर गए है। इस मामले को सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है और इसकी तह तक जांच की जा रही है।

# चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में अगले चार दिन में राजस्थान जैसी छापेमारी होगी: दिग्विजय सिंह

अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने रविवार को दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियां चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में अगले चार दिन में उसी तरह छापेमारी करेंगी जैसी हाल ही में राजस्थान में उनके द्वारा की गई थी। मध्यप्रदेश और राजस्थान में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस हफ्ते की शुरूआत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य में कथित परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में धनशोधन जांच के तहत राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और महुआ विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार के कई परिसर पर छापेमारी की थी। भाजपा-शासित मध्य प्रदेश और कांग्रेस शासित राजस्थान में विधानसभा चुनाव क्रमशः 17 नवंबर और 25 नवंबर को होंगे। भोपाल में संवाददाताओं से बातचीत में सिंह ने कहा, एक तरफ वे (भाजपा) अधिकारियों को धमका रहे हैं, तो दूसरी तरफ मध्य प्रदेश में उसी तरह छापेमारी करने जा रहे हैं जैसा उन्होंने राजस्थान में किया था।यदि ऐसा होता है, तो आपको पता चलेगा कि दिग्विजय सिंह को ये सभी जानकारी कहां से मिलती है। उन लोगों के नाम के बारे में पूछे जाने पर जिन्हें ऐसी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है, सिंह ने कहा, अगले चार दिनों में इसे स्वयं देख लेंगे। भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार पीसी शर्मा के कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद सिंह यहां संवाददाताओं से बात कर रहे थे। राजस्थान में ईडी ने बृहस्पतिवार को कथित परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में धनशोधन जांच के तहत जयपुर और सीकर में डोटासरा के कई परिसरों पर छापेमारी की और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे एवं राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत को विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में तलब किया। सूत्रों ने बताया कि डोटासरा के कई परिसर के अलावा एजेंसी ने दौसा की महुआ सीट से कांग्रेस उम्मीदवार ओमप्रकाश हुडला और अन्य लोगों के परिसरों में भी तलाशी ली थी।

# केरल बम धमाकों में एक व्यक्ति ने किया सरेंडर, ली ब्लास्ट की जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केरल की कलामासेरी में जमरा इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एग्जिबिशन सेंटर में 29 अक्टूबर की सुबह जबरदस्त बम धमाके हुए थे। इन बम धमाकों को लेकर अब एक बड़ा खुलासा हुआ है। माना जा रहा है कि इन बम धमाकों के पीछे एक व्यक्ति ने सरेंडर कर खुद को जिम्मेदार बताया है। त्रिशूल जिले के कोड कर पुलिस स्टेशन में एक व्यक्ति ने दावा किया है की कन्वेंशन सेंटर में बम उसने ही लगाया था। सरेंडर करने के बाद पुलिस ने व्यक्ति से पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि अब तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि उसे व्यक्ति का ब्लास्ट से कोई लेना देना है या नहीं। वही ब्लास्ट की घटना के बाद पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है। केरल के सभी जिलों में पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रख रही है ताकि अफवाहों पर रोक लगाई जा सके। पुलिस का कहना है कि गलत सूचना फैलाने वालों सांप्रदायिक और संवेदनशील पोस्ट डालने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। बता दे कि केरल में सभी पुलिसकर्मियों को अलर्ट मैसेज भेजा गया है जिसके तहत रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के आसपास पुलिस को सावधान रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# पंजाब के लोगों के व्यापक हित में सभी विधेयकों की पड़ताल करूंगा : राज्यपाल पुरोहित

अमन लेखनी समाचार

पंजाब में तीन विधेयकों को मंजूरी राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित द्वारा रोके जाने के खिलाफ (आप) नीत सरकार के उच्चतम न्यायालय का रुख करने के बीच, उन्होंने रविवार को मुख्यमंत्री को सूचित किया कि वह राज्य के लोगों के व्यापक हित में सभी विधेयकों की विषय-वस्तु के आधार पर उनकी पड़ताल करेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखे पत्र में राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने उनके (मान के) कार्यभार संभालने के बाद विधानसभा द्वारा पारित 27 में से 22 विधेयकों को अपनी मंजूरी दी है, और कहा कि वह आने वाले दिनों में बाकी विधेयकों पर अलग से निर्णय लेंगे। आप सरकार ने 20 अक्टूबर को विधानसभा के दो दिवसीय सत्र को संक्षिप्त कर दिया था और मुख्यमंत्री मान ने घोषणा की थी कि उनकी सरकार सदन में पेश किए जाने वाले तीन विधेयकों की मंजूरी राज्यपाल द्वारा रोकने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्यपाल के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है, लेकिन विषय अभी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुआ है। अपने नवीनतम संदेश में पुरोहित ने लिखा कि पंजाब विधानसभा का सत्र बुलाने के साथ-साथ सत्र को जारी रखने की संवैधानिकता के बारे में गंभीर संदेह व्यक्त किया गया है कि भारतीय संविधान के विभिन्न प्रावधानों और पंजाब विधानसभा की कार्यवाही और कार्य संचालन के नियम का उल्लंघन किया गया है। पुरोहित द्वारा तीन विधेयकों - पंजाब राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक- 2023, पंजाब माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2023 और भारतीय स्टांप (पंजाब संशोधन) विधेयक- 2023 को मंजूरी रोकने के बाद राजभवन और भगवंत मान सरकार के बीच चल रही खींचतान और बढ़ गई है। पुरोहित ने पहले कहा था कि 20-21 अक्टूबर का विधानसभा सत्र, जिसे बजट सत्र का विस्तार बताया जा रहा है, अवैध होगा और इस दौरान की गई कोई भी कार्यवाही गैरकानूनी होगी। इससे पहले, 19-20 जून के सत्र में पारित चार विधेयकों में, सिख गरुद्वारा (संशोधन) विधेयक-2023 भी शामिल है, जिसका उद्देश्य अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर से गुरबानी का टीवी पर मुफ्त प्रसारण सुनिश्चित करना है। इसी तरह, पंजाब विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) विधेयक-2023 राज्यपाल के स्थान पर मुख्यमंत्री को राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में नियुक्त करने के लिए था, पंजाब पुलिस (संशोधन) विधेयक-2023 एक स्वतंत्र तंत्र लाने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए था, ताकि पुलिस महानिदेशक पद पर उपयुक्त व्यक्तियों की नियुक्ति की जा सके।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बरकरार रहने पर गरीबों को 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्तः राहुल गांधी

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को वादा किया कि यदि उनकी पार्टी छत्तीसगढ़ में सत्ता बरकरार रखती है तो राज्य में मौजूदा स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीबों को 10 लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला मुख्यालय और कवर्धा (कबीरधाम जिले का मुख्यालय) में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए गांधी ने यह भी वादा किया कि भूमिहीन कृषि मजदूरों को मौजूदा सात हजार रुपये के स्थान पर प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। गांधी ने कहा कि यदि कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आई तो देश में जाति जनगणना करायी जाएगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यह भी कहा कि यदि उनकी पार्टी केंद्र में सत्ता में आती है तो किसानों को उनकी उपज निर्यात करने में मदद करने के लिए छत्तीसगढ़ में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित किया जाएगा।




चुनिंदा उद्योगपतियों का कथित तौर पर ऋण माफ करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले केंद्र की आलोचना करते हुए गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जितना पैसा अडाणी को देते हैं, उतना ही कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ के मजदूरों, किसानों और छोटे व्यापारियों को देगी। गांधी के संबोधन के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, हमारी गारंटीः डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग को अब 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज, अन्य लोगों को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर अब 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों, पिछड़े वर्गों, आदिवासियों और दलितों की सरकार है और वह उनके दिलों की आवाज सुनती है। उन्होंने इस दौरान कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष सात हजार रुपये के बजाय अब 10 हजार रुपये देने का वादा किया।

कांग्रेस नेता गांधी ने कहा, आपको बोलने की जरूरत नहीं है, आपके दिल की जो आवाज होती है, हम वह सुन लेते हैं। आज सुबह किसानों के साथ, मजदूरों के साथ बघेल जी और मैंने थोड़ा काम किया, बातचीत की। किसानों ने हमसे कहा कि कांग्रेस सरकार ने उनके लिए पांच साल में जो किया है, वह किसी भी सरकार ने नहीं किया है।

## संक्षेप

### गाली गलौज, मारपीट धारदार हथियार से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर के किसान रामचंद्र ने रूद्र पटेल व उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट धारदार हथियार से हमला करने के अलावा जान से मारने की धमकी देने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामचंद्र के मुताबिक वह खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रामचंद्र का कहना है कि पास के ही प्लाट में रहने वाले व्यक्ति की गाय अक्सर उसके खेतों में घुस जाती है। शनिवार सुबह गाय खेतों में आ गयी। इसको लेकर जब उसने आरोपी से कहा तो आरोपी ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर लात घूसों और लाठी डंडों से उसे मारा-पीटा। आरोप है कि इस दौरान रूद्र पटेल नामक युवक ने उसके हाथ पर बांके से वार कर उसे चोटिल कर दिया। बाद में सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकले। फिलहाल पीड़ित रामचंद्र की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में तीन दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की शनिवार को ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मृतक के बेटे ने घटना अंजाम देने वाले वाहन नंबर के आधार पर सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के औरंगाबाद जागीर, न्यू गुड़ौरा निवासी विक्रम के मुताबिक उसके पिता रघुनाथ बीती 26 अक्टूबर गुरुवार को सरोजनीनगर के चिल्लावां साप्ताहिक बाजार में सब्जी लेने गए थे। विक्रम का कहना है कि तभी डाक पार्सल वाहन (यूपी 32 आरएन 0109) के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कानपुर रोड पर रघुनाथ को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। इसके बाद उन्हें लोक बंधु अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन शनिवार को ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान रघुनाथ की मौत हो गई। फिलहाल विक्रम की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर वाहन नंबर के आधार पर उसके चालक का पता लग रही है।

## सामने कुत्ता आ जाने पर बाइक फिसली, युवक गंभीर रूप से घायल, बलरामपुर रेफर

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। एक बाइक सवार युवक अपनी बाइक से अपने घर मोहान जा रहा था। तभी अचानक बाइक के सामने आवारा कुत्ते के आने से बाइक फिसल गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने ट्रीटमेंट कर हालत गंभीर देख बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं घायल युवक के परिजनों को सूचना दी गयी। रविवार को उन्नाव जनपद थाना हसनगंज के मोहान निवासी ललित (35) रविवार शाम करीब 10 बजे अपनी मोटरसाइकिल बाइक से अपने घर मोहान जा रहा था। तभी ग्राम ढेढेमऊ में बैंक ऑफ इंडिया के पास मोहान मार्ग पर रात के अंधेरे में अचानक बाइक के सामने आवारा कुत्ते के आने से बाइक फिसल गई। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उसके सिर में गंभीर चोट पहुंची है, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने ट्रीटमेंट कर हालत गंभीर देख युवक को बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं बताया जा रहा है कि बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने था।

## शरद पूर्णिमा के दिन गीतो का उजाला सबके दिलो को रोशन कर रहा - डा विष्णु सक्सेना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रायबरेली के खीरो में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे श्रोता प्रेम गीतकार कवि डा विष्णु सक्सेना के गीतों पर जम कर झूमे। आयोजक मंडल द्वारा कवि डा विष्णु सक्सेना को सम्मानित किया गया कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा श्रोता एक के बाद एक डा विष्णु सक्सेना से फरमाइश करते रहे साथ साथ गुनगुनाते रहे।

इस कवि सम्मेलन के आयोजन पर प्रख्यात साहित्यकार गीतकार कवि डा विष्णु सक्सेना ने कहा कि रायबरेली के खीरों नामक छोटे से कस्बे में एक बहुत बड़ा आयोजन हुआ। सारी व्यवस्थाएं बड़े शहरों जैसी थीं। मुख्यरूप से वो एक सम्मान समारोह था लेकिन एक प्रमुख कवि को सुनने की वहां परंपरा रही है। इसलिए इस बार मुझे आमंत्रित किया गया था। उत्कर्ष उत्तम, शशि श्रेया, गौरी मिश्रा, पंकज प्रसून आदि ने भी मेरे लिए अपने समय का बलिदान किया। सर्वोदय सेवा समिति के तत्वावधान में इस कार्यक्रम पर उस समय उफान आया जब मैं काव्यपाठ करने खड़ा हुआ। पूरा पंडाल खचाखच भरा हुआ। एक एक शब्द को अपने हृदय में उतारते हुए श्रोताओं को देख कर लग रहा था आज भी कविताओं का क्रेज अपने चरम पर है। उस वक्त तो गजब हो गया जब सारे श्रोता मेरे अंतिम गीत पर खड़े होकर मेरे साथ गाने लगे। समाज सेवी मुकेश बहादुर सिंह जो मुझे शुरू से ही बहुत स्नेह देते रहे हैं वो भी अपने को रोक नहीं पाए और मुझे अपने गले से लगा लिया। शरद पूर्णिमा के दिन गीतो का उजाला सबके दिलो को रोशन कर रहा था। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रिय नीरज पांडे ने किया। ऐसा अद्भुत कार्यक्रम ग्रामीण अंचल में मैने पहली बार किया।

## जमीन का फर्जी मालिक बन पैसा हड़पने वाले जालसाज व साथियों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

नगराम- गढी नगर मोहल्ला निवासी सुनील कुमार जायसवाल ने पुलिस उपायुक्त दक्षिणी से लिखित शिकायत करते हुये बताया था प्रापर्टी डीलर मो०शमीम गिरधारी गौतम, गोपी चन्द्र कश्यप न निवासीगण नगराम ने 20अगस्त2021 में खुजौली गांव में मोहनलालगंज-गोसाईगंज मार्ग पर स्थित एक जमीन को दिखाते हुये अपने जानने वाले मुजीब निवासी तेलीबाग थाना पीजीआई की बताया, जमीन पंसद आने पर 2700वर्ग फिट भूमि का सौदा 27लाख रुपए में प्रापर्टी डीलर व उसके साथियों की मौजूदगी में मुजीब से तय हुआ था, जिसके बाद बयाने के तौर पर साढे तेरह लाख रुपए खाते व नगद दे दिये, लेकिन मुजीब रजिस्ट्री करने में हीला हवाली करने लगा ओर काफी दिनो तक टहलाने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री नही की, धोखाधड़ी की शंका होने पर तहसील में जांच करायी तो पता चला जमीन किसी ओर की है मुजीब ने अपने आप को फर्जी किसान बताकर धोखाधड़ी करते हुये अपने साथियों संग मिलकर उसका रुपया हड़प लिया।पुलिस से शिकायत करने पर आरोपी ? मुजीब ने नौ लाख पचास हजार रुपए वापस किया लेकिन बाकी की शेष चार लाख रुपए की रकम वापस नही की ओर फोन तक उठाना बंद कर दिया।डीसीपी विनीत जायसवाल ने पीड़ित की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये जांच के बाद धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने वाले जालसाजो पर नगराम पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दियें।इंस्पेक्टर विनोद तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी समेत पैसे हड़पने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## स्वास्थ शिविर में जांच कर बांटी दवायें

निगोहां।ओपी चौधरी हास्पिल व सरदार पटेंल डेंटल कालेज द्वारा रविवार को निगोहां गांव में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन कर ग्रामीणो की जांचे कर दवाओ का वितरण किया।स्वास्थ शिविर में ओपी चौधरी हास्पिटल के जनरल फिजिशियन डा०पाल ने दंत चिकित्सको समेत नर्सिंग स्टाफ के साथ 200के करीब बुजुर्ग, महिलाओ, पुरुषो की ब्लड, बीपी, शुगर समेत अन्य जांचे कर रोगियों को परामर्श देने के साथ ही मुफ्त दवाओ का वितरण किया। मरीजों की जांच कर रहे चिकित्सक डा.पाल ने बताया कि इस समय बीमारियों से बचने के लिए सभी को सावधानी रखने की आवश्यकता है। मौसम बदल रहा है, जिसमें बीमारियां हावी होने का प्रयास करती हैं। इस मौसम में सफाई का विशेष ध्यान रखें। ताजे भोजन के अलावा पानी उबाल कर सेवन करें। बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए उन्हें फास्ट फूड से दूर रखें।दंत चिकित्सको ने ग्रामीणो के दांतो की जांचे कर निःशुल्क उपचार किया।इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित, पीआरओ अभय सिंह, आशुतोष गुप्ता, सुनील तिवारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

## रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का गोण्डा के पकड़ी बाजार में कार्यकर्ताओं द्वारा किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ**। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का आज गोण्डा के पकड़ी बाजार में कार्यकताओं और समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री दुबे के आज तरबगंज आगमन पर रालोद कार्यकताओं व समर्थकों द्वारा तरबगंज, पकड़ी और जमथा में भव्य स्वागत किया गया व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जमथा में श्री दुबे ने कार्यकताओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने को कहा।

श्री दुबे ने कहा कि जिस तरह तवे पर रोटी न पलटी जाए तो जल जाती है वैसे ही सत्ता अगर समय पर न बदली जाए तो तानाशाह हो जाती है, 2014 व 2019 में जो गलती आप लोग कर चुके हैं, उसे 2024 में सुधार कर सत्ता परिवर्तन करिये। उन्होंने ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सभी मोर्चों पर पूरी तरह असफल साबित हुई है व किसान, नौजवान, अल्पसंख्यक, मजदूर वर्ग परेशान है क्यूंकि इस सरकार ने इन वर्गों के साथ छल करने का काम किया है। उन्होंने कहा की रालोद किसान, नौजवान, अल्पसंख्यक, मजदूर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है और किसानों की समस्याओं और उनकी फसलों पर एम एस पी की मांग को लेकर आगामी 31 अक्टूबर को प्रदेश भर में धरना प्रदर्शन करके प्रदेश के महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगा।

श्री दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर गन्ना मूल्य 400 रुपए प्रति क्विंटल, आलू, धन सहित सभी कृषि उत्पादों का लाभकारी मूल्य तय कर एम एस पी पर कानून बनाने की मांग करेगा।

## पति ने परिवार संग मिलकर पत्नी व बेटो को लांठी-डंडो से पीटा, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के गौरा मजरा शंकरखेड़ा निवासी संतोष कुमारी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसके पति राम आसरे के दूसरे गांव की महिला से अवैध सम्बंध है वो उसी के साथ रहते है, 15माह बाद गुरूवार को घर आये पति अपना सामान व कपड़े पैक करने लगे तो बेटे संदीप कुमार व संजय कुमार ने विरोध जताया तो पति लाठी डंडो से मारपीट पर उतारू हो गयें ओर अपने भाई संतोष, सरजू देई, ममता, गुड़िया, सीमा, मंशाराम को बुलाकर लाठी डंडो से लैस होकर घर में घुसकर दोनो बेटो व उसकी बुरी तरह पिटाई कर लहूलूहान करने के बाद घर में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से चले गये।पीड़ित ने बताता पति उन्हे व बच्चो को घर छोड़ने की धमकी भी दे रहे हैं।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति समेत आधा दर्जन लोगो के विरूद्ध मारपीट, बलवा, तोड़फोड़ समेत जान से मारने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## डेंगू बुखार की चपेट मे आने से दो की मौत, लोगो मे खौफ

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। बंथरा में पिछले चार दिनों में डेंगू बुखार की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो जाने के बाद हड़कंप मच गया है। अभी भी कई लोग बुखार से पीड़ित है जिनका इलाज प्राइवेट अस्पतालों में चल रहा है। लेकिन इस तरीके से ताबड़तोड़ दो मौतें हो जाने के बाद आम लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। डेंगू बुखार लगातार अपने पैर पसार रहा है इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई भी उचित कम नहीं उठाया जा रहा है, जिसके चलते अब तक दो लोगों की डेंगू जान ले चुका है।बंथरा क्षेत्र में कहर बरपा रह डेंगू लोगों के लिए घातक सिद्ध होने लगा है पिछले चार दिनों में अब तक दो लोगों की मौत हो जाने के बाद लोगों में भय की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विजय लक्ष्मी सिंह उर्फ कुटिल पत्नी सुभाष सिंह उम्र लगभग 62 वर्ष बंथरा को बुखार कई दिनों से आ रहा था जिनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा था कई दिनों तक इलाज चलने के बावजूद रविवार को विजयलक्ष्मी की मौत हो गई। बताया जाता है कि डेंगू होने के कारण प्लेटलेट्स काफी कम हो गए थे जिसका इलाज प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था लेकिन उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो सका और मौत हो गई। इसी तरीके से तीन दिन पहले बंथरा की ही रूपा पत्नी नवमी लाल की भी डेंगू की चपेट में आने के कारण मौत हो गई थी।जिनका इलाज भी प्राइवेट नर्सिंग होम में कई दिनों तक चला लेकिन डेंगू इतना घातक हो चुका था कि उनकी भी जान ले ली थी। बंथरा में अभी भी तमाम लोग बुखार से पीड़ित हैं जिनमें डेंगू बुखार हो जाने की संभावनाएं लोगों द्वारा जाहिर की जा रही हैं।

## डीके पैलेस मे हुई श्री राम सेना की बैठक



अमन लेखनी समाचार

बंथरा। डीके पैलेस में रविवार को श्री राम सेना की बैठक संपन्न हुई। श्री राम सेना के राष्ट्रीय संरक्षक लाल सिंह राठौर के नेतृत्व में प्रभु श्री राम सेवा ट्रस्ट संपूर्ण भारत की बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी मंडल कार्यकारिणी व जिले की कार्यकारिणी को भी शामिल किया गया। संरक्षक लाल सिंह राठौड़ द्वारा संगठन विस्तार पर विस्तार रूप से चर्चा की गई इसके साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी मीडिया प्रकोष्ठ जो पूर्व में भंग कर दी गई थी का गठन शीघ्र होना बताया गया। यह जानकारी मीडिया दल को संरक्षक लाल सिंह राठौर ने दी। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संरक्षक एवं सलाहकार आलोक प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि संगठन अब अपने विस्तार पर ज्यादा जोर दे रहा है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा उर्फ विक्की बाबा, प्रदेश वरिष्ठ सचिव, मुनेश्वर प्रसाद रावत एवं मंडल अध्यक्ष पंकज सहाय एवं जिला अध्यक्ष अतुल रावत सहित तमाम पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने ग्रामीणों संग सुनी पीएम की मन की बात...

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ में स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने रविवार को चौपाल लगा सैकड़ों नगर वासियों संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 106वां एपिसोड को सुना।जिसमे महिलाए, नवयुवक एवं बुजुर्ग जन मौजूद रहे। सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने मऊ में चौपाल लगा सैकड़ों नगर वासियों संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 106वां एपिसोड को सुना और मौजूद लोगो से अपील भी किया कि हर महीने के आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे से प्रधानमंत्री मन की बात को संबोधित करते है जो आकाशवाणी के माध्यम से प्रसारित होता है जिसको सभी जन समय निकाल कर अवश्य सुने।मन की बात के दौरान प्रधानमंत्री ने एशियन गेम्स और पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की तारीफ की और साथ ही खिलाड़ियों को बधाई दी।पीएम ने कहा आदिवासी समाज के योद्धाओं का देश के आजादी में समृद्ध इतिहास रहा है। देश अपने आदिवासी समाज का कृतज्ञ है, जिन्होंने राष्ट्र के स्वाभिमान और उत्थान को हमेशा सर्वोपरि रखा है।इनमें तिलका मांझी ने अन्याय के खिलाफ आवाज उठायी।पीएम ने आगामी पर्वो की बधाई देते हुए अपील भी किया कि लोकल फार वोकल का सपोर्ट करे आगामी पर्वो पर वही समान खरीदे जिसमे देश वासियों का पसीना हो।कार्यक्रम में मुख्यरूप से भाजपा मिडिया जिला संयोजक अशोक तिवारी, भाजपा बूथ अध्यक्ष रंजीत सिंह(राहुल), चक्रवीर सिंह बेटू, सतीश शुक्ला, मनीष तिवारी, सभासद हिमांशु तिवारी, सभासद प्रतिनिधि आनंद द्विवेदी, रामकिशोर, गोपाल, राम नारायन, शैलेंद्र सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खनन कारोबारियों ने खेत को तालाब मे किया तब्दील, जिम्मेदार मौन

अमन लेखनी समाचार



बंथरा। थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। नवनियुक्त थाना प्रभारी के चार्ज लेने के करीब 2 महीने के भीतर थाना क्षेत्र में कई चोरी की घटनाओं सहित चाहे लकड़ी की अवैध कटान हो या फिर मिट्टी की अवैध खनन अवैध कारोबारी बिना किसी भय के अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। इसी प्रकार थाना क्षेत्र के बीबीपुर, गुलाब खेड़ा में लगातार अवैध खनन हो रहा है, बावजूद जिम्मेदार प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। इसी कड़ी में बीती रात नरायनपुर गांव में अवैध खनन में लिप्त खननकताओं ने बिना किसी प्रशासन के भय के पूरी रात जेसीबी और डंफर द्वारा एक खेत में खनन करते हुए उसे तालाब में तब्दील कर दिया और प्रशासन को भनक तक नहीं लगी। एक ओर जहां योगी सरकार ने अवैध मिट्टी खनन पर सख्त रुख अपनाया है, जिम्मेदारों को सख्त हिदायत है कि अवैध कारोबारियों पर शक्ति से कार्रवाई की जाए वहीं दूसरी ओर जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते जगह-जगह अवैध कारोबारी बेखौफ खननकर्ता कृषि योग्य भूमि से अवैध रूप से मिट्टी खनन कर प्राइवेट हाथों में बेचकर अपनी जेब भरने में लगे हैं। सूत्रों की माने तो थाना क्षेत्र का यह कारोबार पुलिस की मिली भगत से हो रहा है तभी तो पूरी रात जेसीबी मशीन और कई डंफर के साथ खनन होता रहा और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। वहीं किये जा रहे खनन से सम्बन्धित जानकारी के लिए जब बन्थरा थाना प्रभारी को फोन मिलाया तो फोन नहीं उठा।

## दुकान मालिक व किराएदार के बीच दुकान खाली करने को लेकर हुआ विवाद, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में शनिवार को दुकान मालिक व किराएदार के बीच दुकान खाली करने को लेकर विवाद हो गया। इस मामले में दोनों पक्षों ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के सेक्टर - डी1, एलडीए कॉलोनी निवासी सोनिया थदानी का कहना है कि उसके पति महेश थदानी ने कुछ वर्षों पहले सेक्टर- एच, पराग डेयरी में किराए की दुकान लेकर उसमें जूते चप्पल की दुकान खोल रखी है। दुकान का संचालन उसके पति महेश थदानी करते हैं। लेकिन महेश बीते दिनों अपना इलाज कराने बाहर चले गए। इस कारण सोनिया अपनी बेटी निकिता को लेकर तीन-चार दिन से दुकान संचालित कर रही है। सोनिया का कहना है कि शनिवार को वह अपनी बेटी के साथ दुकान पहुंची तो पता चला कि दुकान मालिक अनिल कुमार गुप्ता ने उसके ताले पर वेल्डिंग करवा दी है। जिससे वह दुकान नहीं खोल सकी। उसका कहना है कि इस बीच वह अपनी बेटी व अन्य स्टाफ के साथ वहीं पर थी। तभी वहां पहुंचे दुकान मालिक अनिल गुप्ता उससे बदतमीजी और गाली गलौज करने के साथ ही उसके पति को जान से मरवाने की धमकी देने लगे। उधर अनिल कुमार गुप्ता का कहना है कि उसके मकान के निचले हिस्से में उसकी दुकान है। जिसे महेश थदानी ने 1 सितंबर 2022 को 11 माह के एग्रीमेंट पर जूता चप्पल की दुकान खोलने के लिए दुकान किराए पर ली थी। लेकिन एग्रीमेंट समाप्त हो चुका है और महेश ने 8 मार्च से किराया भी नहीं दिया है। कई माह से दुकान खाली करने को कहा जा रहा, लेकिन महेश और उनकी पत्नी व दोनों बेटियां गाली गलौज करते हुए झूठे मुकदमे में फसाने व जान से मारने की धमकी देते हैं। अनिल का आरोप है कि यह लोग दुकान पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसकी शिकायत बीती 25 अक्टूबर को सरोजनीनगर थाने के अलावा मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की जा चुकी है। अनिल का कहना है कि शनिवार को सुबह करीब 10 बजे महेश की पत्नी अपने साथ चार-पांच अज्ञात लोगों को लेकर दुकान का ताला तोड़कर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश करने लगी। जब पीड़ित ने आवाज सुनी तो पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर पुलिस बुलाई। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## लखनऊ से दिल्ली के लिए निकली साइकिल यात्रा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। अहीर रेजिमेंट बनाने, अग्निवीर योजना बंद करने और जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर लखनऊ से दिल्ली के लिए साइकिल यात्रा पर निकले अहीर रेजिमेंट आगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष गगन यादव का रविवार को सरोजनीनगर में जोरदार स्वागत किया गया। बताते चलें कि देश की सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने, अग्नि वीर योजना बंद करने और जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर मेरठ के रहने वाले व अहीर रेजिमेंट आगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष गगन यादव के नेतृत्व में दिल्ली के सुनील राव सहित उनके कई साथियों ने रविवार को लखनऊ के ईको गार्डेन से एक साइकिल यात्रा शुरू की। यह साइकिल यात्रा दिल्ली के जंतर मंतर पहुंचकर समाप्त होगी। रविवार को गगन यादव के नेतृत्व में निकली इस साइकिल यात्रा का सरोजनीनगर में एयरपोर्ट के पास चिल्लावां स्थित कानपुर रोड पर तमाम समर्थकों द्वारा फूलमाला पहनकर गगन यादव व साइकिल यात्रा में शामिल उनके साथियों का जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में चिल्लावां के धुन्नी यादव, सुनील यादव, बदाली खेड़ा के सूरज यादव, अंकुर यादव व विजय यादव शांति नगर के अरबाज खान, हासिम खान, फैसल सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## हाई वोल्टेज विद्युत लाइन पर काम करने के दौरान संविदा कर्मी बुरी तरह झुलसा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर इलाके में हाई वोल्टेज विद्युत लाइन पर काम करने के दौरान रविवार को एक विद्युत संविदा कर्मी बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में उसे राजधानी के डालीगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताते हैं कि गहरु पावर हाउस में तैनात संविदा कर्मचारी अमन कुमार लोधी (29) रविवार को बिजनौर स्थित 11 हजार वोल्टेज विद्युत लाइन पर खराबी ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा था। तभी वह विद्युत करंट की चपेट में आकर जमीन पर नीचे आ गिरा। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। आनन फानन साथी कर्मचारियों ने उसे डालीगंज स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। विद्युत विभाग के सूत्रों की माने तो गहरु पावर हाउस के बिजनौर विद्युत फीडर से बिजनौर कस्बे में विद्युत की सप्लाई होती है। लेकिन वहाँ ओवरलोड होने के कारण अंबेडकर पावर हाउस से भी गांव को सप्लाई की जा रही है। इतना ही नहीं विद्युत विभाग के सूत्रों की माने तो बिजनौर कस्बे में इन दो पावर हाउस के अलावा शारदा नगर स्थित विद्युत पावर हाउस से भी सप्लाई की जा रही है। हालाकि सूत्रों का कहना है कि शारदा नगर पावर हाउस लिखित तौर पर चालू नहीं है, लेकिन बिजनौर में अत्यधिक ओवरलोड होने के कारण विद्युत अधिकारियों ने उसे अवैध तरीके से वैकल्पिक रूप में चालू कर उसकी सप्लाई बिजनौर में दे दी है। संविदा विद्युत कर्मचारी अमन राजपूत अपने विद्युत लाइनमैन के साथ बिजनौर में 11 हजार वोल्टेज विद्युत लाइन की खराबी दूर करने गया था। सूत्रों ने बताया कि यह खराबी शारदा नगर पावर हाउस से पोषित होने वाली विद्युत लाइन में थी। जिसे ठीक करने अमन खंभे पर चढ़ा। लेकिन विद्युत लाइनमैन ने शारदा नगर पावर हाउस वाली विद्युत लाइन का शटडाउन लेने के बजाय गहरू पावर हाउस से पोषित विद्युत लाइन का शटडाउन ले लिया। जबकि शारदा नगर पावर हाउस से पोषित लाइन में विद्युत करंट दौड़ता रहा और इसी की चपेट में आकर अमन झुलसने के साथ ही खंभे से नीचे गिरकर घायल हो गया। उधर विद्युत विभाग के सूत्रों का कहना है कि अमन को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के खंभे पर चढ़ा दिया गया। उस दौरान ना तो डिस्चार्ज रॉड थी और ना ही अमन के पास दस्ताने या सीढ़ी थी। अगर सुरक्षा उपकरण होते तो शायद यह हादसा ना होता।

## संक्षेप

### मंशाहरी युवकों ने पड़ोसी के दो तितरों को बनाया अपना निवाला

बांगरमऊ, उन्नाव। मंशाहारी युवकों ने एक महिला के दो पालतू तीतरो को पकड़कर अपना निवाला बना लिया पीड़िता ने तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव महमदाबाद निवासी राधा पत्नी इंद्रपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने दो तीतर पक्षी अपने खेत में पाले थे जिसमे से पूर्व में एक तीतर को पकड़कर पड़ोसी गांव अकबरापुर निवासी ने खा लिया बीते 26 अक्तूबर को उसका दूसरा तीतर भी पकड़कर खा लिया गया ।इस पर जब पिड़िता ने शिकायत की तो आरोपी गाली गलौज व मारपीट पर आमादा हो गए है ।पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है ।मामला संज्ञान में आने के बाद कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### कलश यात्रा के साथ हनुमत रुद्र महायज्ञ होगा शुरू

पुरवा, उन्नाव। असोहा क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावनधाम कुटीबीर बाबा में आठवें नव दिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ एवम मानस वेदांत संत सम्मेलन आज कलश यात्रा के साथ शुरू होगा । आयोजक भाजपा नेता संजय शुक्ल ने बताया की हर वर्ष की भांति महायज्ञ की कलश यात्रा मंदिर प्रांगण चल कर देवल मुनि आश्रम तक जाएगी । उन्होंने बताया महायज्ञ के दौरान सिद्ध पीठ दतिया मध्य प्रदेश से आए सांतनु जी महाराज , नैमिष से आए यज्ञाचार्य विनोदाचार्य जी , प्रयाग से आए मानस लहरी जी आदि संतो द्वारा रामचरित मानस एवम भागवत कथा द्वारा मानस प्रेमियों वा भक्तो को रसास्वादन कराया जायेगा । आयोजको ने कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्र वासियों से भाग लेने की अपील की है ।

### दो लड़कों ने चलती कार में किया था दुष्कम

बाराबंकी,बाराबंकी जिले में दुष्कर्म पीड़िता एक नाबालिग आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये अपनी मां के साथ धरने पर बैठ गई। पहले तो पुलिस-प्रशासन के किसी भी अधिकारी के कानों में जू नहीं रेंगी। लेकिन जब मामले ने तूल पकड़ा तो आनन-फानन में पुलिस-प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुष्कर्म के दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली। साथ ही पीड़िता को समझा-बुझाकर उसका धरना खत्म करवाया।पीड़िता के मुताबिक दो लड़कों ने उसके साथ चलती कार में दुष्कर्म किया था। लेकिन पिता के समाज में बेइज्जती के डर से पुलिस के पास शिकायत करने में देरी हो गई। लेकिन पुलिस पूरे मामले में टाल-मटोल लगाए हुए थी। जिसके चलते उसे अपनी मां के साथ धरने पर बैठना पड़ा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि दोषी उसे 2-3 लाख रुपये लेकर मामले में सुलह करने का दबाव बना रहे थे। साथ ही सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे।

# तीन सौ 46 लीटर अवैध शराब समेत दो महिला गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के निदेशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में आबकारी पुरवा व थाना मौरावां पुलिस की टीम ने ग्राम असरेंदा, जनवारन खेड़ा व खानपुर मे मुखबिर की सूचना पर दबिश देते हुए 125 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत सोनी पत्नी मुकेश चांदनी पत्नी अखिलेश को गिरफ्तार किया वही लगभग 350 किग्रा लहन महुआ एवं 02 भट्ठी मौके पर नष्ट किया गया



राज लक्ष्मी आबकारी निरीक्षक बांगरमऊ मय हमराह ग्राम बेल्थरा थाना बेहटा मुजावर में दबिश दी दबिश के दौरान 56 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया प्रतिभा सिंह आबकारी निरीक्षक बीघापुर ने ग्राम नेवती, थाना बिहार में दबिश दी दबिश के दौरान 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया पी.पी.टंडन आबकारी निरीक्षक सफीपुर ग्राम जमल्दीपुर थाना सफीपुर में दबिश दी दबिश के दौरान 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया कुमार गौरव सिंह आबकारी निरीक्षक हसनगंज मय हमराह ग्राम कुशुम्भी, एवं लुधौरा मजरा कुशम्भी थाना अजगैन में दबिश दी दबिश के दौरान लगभग 80 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर लगभग 100 किलोग्राम महुआ लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया।

# शव दफनाने को लेकर दो समुदाय हुए आमने सामने

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। ग्राम समाज की भूमि पर शव दफनाने के विवाद को लेकर दो समुदाय आमने-सामने आ गए मामले की जानकारी पर उप जिलाधिकारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और भूमि की पैमाइश के बाद शव दफनाया गया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भाटमऊ निवासी 92 वर्षीय जैतून निशा की बीती रात मौत हो गई थी जिस पर आज सुबह जैतूननिशा के परिजन शव दफनाने के लिए गड्ढा खोद रहे थे गड्ढा खोदने लगे तो प्रधान प्रतिनिधि राम सजीवन वर्मा ने ग्राम समाज की भूमि पर शव दफनाने का विरोध करने लगे जिस पर देखते ही देखते हैं दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए मामले की जानकारी पाते ही उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी मय लेखपाल और पुरवा हल्का प्रभारी शिवपाल सिंह दरोगा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को समझा बूझाकर शांत कराया भूमि की नाप कराने के बाद दोनों पक्षों को समझा अब जाकर शव को दफनाया गया प्रधान प्रतिनिधि राम सजीवन वर्मा ने बताया की ग्राम समाज की भूमि के बगल में कब्रिस्तान की भूमि है जहां पर उन लोगों की कबरे हैं किंतु जानबूझकर वह लोग ग्राम समाज की भूमि पर शव दफना रहे थे जिसका विरोध किया गया उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी ने बताया ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम समाज की भूमि समझकर विरोध किया गया था जिस पर मौके पर जाकर भूमि की नाप कराई जिस पर उक्त भूमि आबादी की जमीन है आबादी की ही जमीन में इन लोगों के बुजुर्गो की कब्रे हैं जहां पर शव को दफनाया गया है आबादी की भूमि के पीछे कब्रिस्तान की जमीन है

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध का फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। कुटिया में रह रहे वृद्ध का शव कुटिया के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों मे पेड़ से लटकता मिला शव को लटकता देख परिजनो में चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया थाना बिहार के अंतर्गत ग्राम ठोकरेपुर मजरा पकरा खुर्द निवासी विश्राम यादव 65 वर्ष पुत्र चिरंजीव गांव के बाहर मंदिर के पास बनी कुटिया में रहता था वही बने मन्दिर में पूजा पाठ किया करता था रविवार सुबह मृतक विश्राम की पत्नी रामकली ने देखा कि मेरा पति चारपाई पर नहीं है इधर-उधर जब देखा कुटिया के बगल में आम के पेड़ में गले में रस्सी के फंदे से लटकता शव दिखाई दिया अपने पति को पेड़ से लटकटा देख बेसुध हो गई व जोर जोर से चिल्लाने लगी तब पड़ोस के लोग इकट्ठे हो गए व पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया वहीं मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला लेकिन उसमे क्या लिखा है पुलिस ने किसी को कुछ नहीं बताया वही मृतक की पत्नी ने कहा कि मेरा पति पढ़ा लिखा नहीं था किसी ने मेरे पति की हत्या कर पेड़ में लटका दिया है

पुलिस ने कहा कि पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा मृतक के दो पुत्रियां व तीन पुत्र हैं मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

# जाको राखे सांइया मार सके ना कोई....

**लावारिस नवजात के लिए मसीहा बने थाना अध्यक्ष शशि राणा**

**थानाध्यक्ष के इस मानवीय कार्य की जिले में हो रही सराहना**

**अमन लेखनी समाचार**

**संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल**



बहराइच। बेटियों के लिए समाज में आज भी क्या अहमियत है इसका नमूना शनिवार देर रात थाना रामगांव हाईवे के किनारे झाड़ियां में पड़े शिशु को देखकर लगाया जा सकता है। आज का समाज भले है अपने आप को पढ़ा लिखा हुआ स्मार्ट समझ रहा हो लेकिन बेटियों के प्रति रवैया ठीक नहीं है। मानवता को झकझोर देने वाली घटना को देखकर कलयुगी मां को हर कोई कोस रहा है। जाको राखे सांइया मार सके ना कोई, यह पंक्तियां उस नवजात शिशु के ऊपर बिल्कुल सटीक बैठती है जिसे कलयुगी मां ने 9 महीने पेट में रखा दर्द सहा और पैदा करके खेतों में छोड़कर चली गई और काफी देर तक नन्ही सी शिशु अकेले खेत में कराहती रही। जब रास्ते से लोग गुजरे तो उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी पास जाकर देखा तो एक नवजात शिशु खेत की झाड़ियां में पड़ी रो रही थी।इसकी सूचना तत्काल राहगीरों ने राम गांव थाना प्रभारी शशि कुमार राणा को दी। शशि कुमार राणा को सूचना मिलते ही वह तुरंत आनन फानन में दौड़कर मौके पर पहुंचे और शिशु को तौलिया में उठाकर तत्काल जिला अस्पताल में पहुंचाया। वहां पर डॉक्टरों ने तत्काल उसको भर्ती कर इलाज शुरू किया। थाना अध्यक्ष शशि कुमार राणा से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि शनिवार रात लगभग आठ बजे किसी महिला ने बेटी को जन्म देकर उसे खेत में फेंक दिया था। राहगीरों द्वारा सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर शिशु को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है। बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ है। थाना अध्यक्ष शशि कुमार राणा के द्वारा किए गए इस मानवता के कार्य की पूरे जिले में सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि थाना अध्यक्ष शशि कुमार राणा ने जिस तरह से मानवता दिखाकर बच्ची को बचाया है मानव शिशु के लिए भगवान बन गए हो। यदि जरा सी देर हो जाती तो शायद शिशु को दुनिया देखने को नहीं मिलती।

# वायरल बुखार को देखते समाजसेवी ने कराया नगर में दवा का छिड़काव

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव।इन दिनों व्यापक रूप से पैर पसार रहे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व वायरल बुखार की रोकथाम के लिए गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर के समाजसेवी चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा अपने निजी खर्चे से नगर में दवा का छिड़काव करा रहे हैं जिससे नगर वासियों को मच्छर जनित बीमारियों से राहत मिल सके। श्री बाजपेई ने बताया कि नगर वासियों को इस संक्रमण काल में मच्छर जनित बिमारियों से सुरक्षित कर उनके बचाव का प्रयास किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में व्यापक रूप से दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है, साथ ही साथ हम



सभी को अपने आस पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए एवं घर, मोहल्ले आदि में पानी का भराव ना होने दे।

# जैविक किसान मेले में किसानों को मिली नवीन जानकारियां

## उपज के साथ-साथ आय बढ़ाने की तकनीकों की वैज्ञानिकों ने दी जानकारी

**अमन लेखनी समाचार**



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत मलवां विकासखंड के गांव आलियाबाद में जैविक किसान मेला आयोजित किया गया ईस एग्री टेक संस्था द्वारा आयोजित मेले में पहुंचे सेवानिवृत्ति कृषि वैज्ञानिक डॉ शिवमंगल सिंह समेत वरिष्ठ गणों द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के दौरान उन्नतशील किसानों समेत मुख्य अतिथि ने भी अपने-अपने वक्तव्य प्रस्तुत किया कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर शिवमंगल सिंह ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि आज के समय में कृषि करना एक गंभीर विषय है यदि किसान नवीन तकनीकों का उपयोग न करके कृषि कार्य करता है तो वह नुकसान उठाता है इसलिए जैविक खेती करना चाहिए जिससे नई-नई तकनीकों द्वारा की गई खेती से हम अधिक से अधिक उपज प्राप्त कर सकें कार्यक्रम में मौजूद प्रगतिशील किसान रमाकांत तिवारी ने कहा कि हम सभी किसान बाजारों से महंगे मूल्य पर बीज लाकर खेती पर बो देते हैं बिना शोध किया गया बीज बोने में उपज की मात्रा कम हो जाती है इसलिए प्राकृतिक रूप से बिजामृत के माध्यम से बीज उपचारित कर स्वयं बीज तैयार कर कृषि कार्य करना चाहिए खेतों में यूरिया डीएपी समेत अन्य उर्वरक खादों का इस्तेमाल ना करते हुए जैविक खाद का इस्तेमाल करें जिससे हमें विषहीन खाद्यान्न प्राप्त हो तथा निरंतर आम जनमानस में होने वाली बीमारियों से छुटकारा मिल सके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कृषि वैज्ञानिक का ईस एग्रीटेक प्रोजेक्टर के कोऑर्डिनेटर जितेंद्र सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों एवं किसानों ने भव्य स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन आलोक गौड द्वारा किया गया इस मौके पर भारी संख्या में क्षेत्रीय एवं जनपद के किसान समेत प्रगतिशील किसान मौजूद रहे

# हैंगिंग से हुई युवक की मौत, पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। टीकर खुर्द का युवक शनिवार सुबह फंदे से लटके मिले शव के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। जिसके बाद परिजन ने बक्सर घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। वहीं मृतक के परिजन ने गांव के ही एक परिवार के व्यक्तियों पर बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगा तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव टीकर खुर्द निवासी भंवरेश्वर का 25 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार का शव शनिवार सुबह गांव से एक किमी दूर खेत में पेड़ से गमछे के सहारे लटका मिला था।जिसपर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। रविवार को पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। जिसके बाद परिजन ने सोनू के शव का बक्सर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं मृतक सोनू के पिता भंवरेश्वर ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही जिस युवती से सोनू की मित्रता थी। उसके परिजन पर बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं मृतक की मां रामावती द्वारा कोतवाली के एक दरोगा पर एक दिन पहले 15 हजार रुपए लेकर सुलह समझौता कराए जाने का आरोप लगाया था। सीओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। पीड़ित की तहरीर पर जांच की जा रही है। जोभी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं दरोगा द्वारा रुपए लेने के आरोप में बताया कि महिला को बुलाकर बयान लिए जाएंगे। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर पुलिस द्वारा कई दिनो से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार शाम को मुखबिर की सूचना पर हे०का० अरविंद सिंह रघुवंसी मय फोर्स करीब दो वर्ष पुराने मामले में फरार चल रहे वीरेन्द्र उर्फ लल्लू पुत्र मानू उम्र करीब 45 वर्ष व अमृतलाल पुत्र राजाराम उम्र करीब 65 वर्ष निवासीगण ग्राम खुटाहीहार मजरा खरझारा को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# एशिया की सबसे बृहद रामलीला समारोह में सम्मानित हुये बृजेश राठौर

**दिल्ली रामलीला कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें भेंट की गदा व भागवत गीता**

**अमन लेखनी समाचार**




कैसरगंज, बहराइच ।दिल्ली के रामलीला मैदान जनकपुरी में आयोजित एशिया की सबसे बृहद रामलीला समारोह में कैसरगंज तेज तर्रार पत्रकार बृजेश सिंह राठौर व साथ मे गए महेश सिंह को दिल्ली की रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला देखने के लिए आमंत्रित किया गया था।23 तारीख दिन सोमवार को वहां पहुंचने पर रामलीला कमेटी जनकपुरी के अध्यक्ष अश्वनी खन्ना, नरेंद्र कुमार चावला महामंत्री, महापौर दिल्ली सुरेंद्र विरमानी, महामंत्री अजय शर्मा मंत्री,व राईस मलिक कमेटी के विशिष्ट सहयोगी ने पत्रकार बृजेश सिंह राठौर और साथ मे महेश सिंह यूपी के लोकसभा कैसरगंज का स्वागत और अभिनंदन किया गया। स्वागतोपरान्त रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी खन्ना ने गदा और भागवत गीता व अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया ।जनकपुरी रामलीला कमेटी अध्यक्ष व कमेटी के सभी सदस्यों को पत्रकार बृजेश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया और विशेष तौर पर कमेटी के विशिष्ट सहयोगी कैसरगंज मरौठी निवासी व दिल्ली पश्चिमी के तेजतर्रार भाजपा अध्यक्ष रईश मलिक को तहे दिल से शुक्रिया किया। क्योंकि उनके द्वारा आमंत्रित करने पर ही दिल्ली के रामलीला ग्राउंड की पावन धरती पर पहुंचने का सौभाग्य मिला। इस सम्मान पर क्षेत्रवासियों ने दिल्ली रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी को धन्यवाद दिया है।

## चिंतन

# युद्ध खत्म करवाने को आगे आए विश्व बिरादरी

इजराइल-हमास युद्ध जैसे-जैसे लंबा खींच रहा है पूरी दुनिया की चिंता बढ़ रही है। साफ है कि लंबे चले युद्ध का असर सिर्फ इजरायल और फिलिस्तीन तक सीमित नहीं रह जाएगा, बल्कि ग्लोबल इकॉनमी के दौर में दुनियाभर के देश इससे प्रभावित होंगे। भारत की इकॉनमी पर भी इसका असर तो पड़ना तय है। जहां एक ओर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका बढ़ रही है तो इसका असर पेट्रोल और डीजल के दामों पर दिखने लगेगा। कुछ दिन पहले गिरे सोने के दामों में तो आग लग गई है। भारत आईटी कंपनियों का कारोबार दुनियाभर में होता है। इन्फोसिस, एचसीएल, टीसीएस ने तो इजराइल की कई कंपनियों के साथ करार भी कर रखे हैं। इन्फोसिस ने तो इजराइल की कंपनी पनाया को 200 मिलियन डॉलर में खरीदा था। इसलिए आईटी के शेयरों पर इस युद्ध का असर पड़ सकता है। पोर्ट, शिपिंग के अलावा भारत और इजरायल के बीच हीरे का भी कारोबार बड़े पैमाने पर होता है। भारत और इजराइल के कुल कारोबार में हीरे के कारोबार की बड़ी हिस्सेदारी है। साल 1990 तक दोनों देशों के बीच 20 करोड़ डॉलर का कारोबार हर साल होता था। जो अब अरबों डॉलर में पहुंच चुका है। इजराइल हमास के संघर्ष ज्यादा लंबा चलता है तो इसका असर भारत के साथ-साथ दुनिया पर भी पड़ सकता है और इसके परिणाम भयानक हो सकते हैं। वर्ल्ड बैंक के प्रेसिडेंट अजय बंगा ने भी कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था और इसके विकास के लिए गंभीर झटका साबित हो सकता है। दुनिया में बहुत कुछ चल रहा है और हाल ही में इजराइल और गाजा से भी जियोपॉलिटिक्स पर असर हुआ है। युद्ध के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। इससे दुनियाभर के शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली है। इजराइल-हमास युद्ध से पहले यानी 6 अक्टूबर को भारतीय शेयर बाजार (सेंसेक्स) 65,996 अंक पर था जो अब 1,425 (2.15%) अंक गिरकर 64,571 पर आ गया है। इस दौरान अमेरिकी बाजार 13,431 अंक से गिरकर 13,018 पर आ गया है। इसमें भी 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई है। अकेले भारत में ही निवेशकों के लगभग 15 लाख करोड़ रुपये डूब चुके हैं। इकॉनमी को हुए नुकसान का असर आम जनता की जेब पर होगा। इजरायल और फिलिस्तीन के साथ कारोबार और आयात-निर्यात पर तो असर पड़ेगा ही, वहीं महंगाई से परेशान आम आदमी की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। रोजमर्रा की चीजों से लेकर कर्ज, निवेश सब पर असर पड़ सकता है। केवल इतना ही नहीं भारत में 5 जी कनेक्टिविटी का विस्तार लटक सकता है। अगर ये युद्ध लंबा चला तो डॉलर के मुकाबले रुपये की वैल्यू पर भी असर होगा। ऐसा माना जा रहा है कि रुपये की वैल्यू में 3 से 4 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। युद्ध के कारण आयात-निर्यात प्रभावित होगा, जिसकी वजह से डायमंड ज्वेलरी का कारोबार प्रभावित होगा। इतना ही नहीं जी20 में प्रस्तावित इंडिया-मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कोरिडोर में देरी हो सकती है। यह उम्मीद की जानी चाहिए कि युद्ध जल्द से जल्द खत्म हो और दुनिया इसकी चपेट में न आए। लेकिन फिलहाल तो युद्धविराम के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। दुनिया के देशों को आगे आकर जल्द से जल्द युद्ध खत्म करवाने के प्रयास करने चाहिए ताकि कोरोना के दर्द से कराह रही दुनिया को युद्ध के जख्मों से बचाया जा सके।



मुद्दा

डा. अश्वनी महाजन

किसी भी विदेशी अथवा भारतीय एजेंसी को सरकार द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अतिरिक्त किन्हीं अन्य आंकड़ों को इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है, लेकिन हंगर इंडेक्स की यह रिपोर्ट खुले तौर पर कहती है कि जरूरी नहीं कि इस रिपोर्ट में सरकारों द्वारा दिए गए आंकड़े ही प्रयुक्त किए गए हैं। भारत में तेजी से सुधरती स्थितियां शायद कुत्सित ऐजेंडा के साथ काम करने वाली संस्थाओं को रास नहीं आ रही। वेल्ट हंगरहिल्फे के फार्मूले के अनुसार भी भुखमरी सूचकांक में भारत की रैंकिंग 111वीं नहीं बल्कि 48वीं प्राप्त होती है। इस जर्मन एजेंसी की रिपोर्ट को भारत को बदनाम करने की कोशिश मानी जा सकती है।

# कहीं षड्यंत्र तो नहीं भुखमरी रिपोर्ट

पिछले सालों की तरह एक बार फिर जर्मनी की वेल्ट हंगरहिल्फे नाम की संस्था ने अपना 'हंगर इंडेक्स' और उस पर आधारित दुनिया के मुल्कों की भुखमरी रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में फिर से भारत को अत्यंत नीचे 111वें स्थान पर रखा गया है। इस साल इस रैंकिंग में 125 देश शामिल किए गए हैं। पिछले साल 2022 में 121 मुल्कों की सूची में भारत को 107वें स्थान पर और उससे पिछले साल 2021 में 116 मुल्कों की रैंकिंग में भारत को 101वें स्थान पर रखा गया था। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि इस भुखमरी इंडेक्स से उनका अभिप्राय यह है कि भारत में भारी मात्रा में भुखमरी तो व्याप्त है ही, अन्य मुल्कों का प्रदर्शन भारत से कहीं बेहतर है। इस मामले में यदि रिपोर्ट को मानें तो पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका आदि का भी प्रदर्शन भारत से कहीं बेहतर है, जो भारत से खाद्य पदार्थों पर निर्भर हैं। ऐसे में इस रिपोर्ट पर प्रश्न उठना स्वभाविक ही है। समझने की कोशिश करते हैं कि भारत में भुखमरी और उसके सूचकांकों की वास्तविकता क्या हैं?

क्या है हंगर इंडेक्स : इस हंगर इंडेक्स को मापने के 4 पैमाने हैं - कुपोषण, बच्चों में ठिगनापन (स्टंटिंग), बच्चों का वजन (ऊंचाई के हिसाब से कम वजन) यानि वेस्टिंग और बाल मृत्यु दर (5 साल से कम आयु के बच्चों में मृत्यु दर)। इन सभी पैमानों पर आधारित हंगर इंडेक्स को अनुमानित किया जाता है। वेल्ट हंगरहिल्फे का कहना है कि भारत में यह इंडेक्स 28.7 है, जो अत्यंत गंभीर है, जबकि पाकिस्तान में यह 26.6 है, जिसके कारण पाकिस्तान भी भारत से ऊपर 102वें पायदान पर है। इसी प्रकार बंग्लादेष 19.0 अंकों के साथ 81वें स्थान पर और श्रीलंका 13.3 अंकों के साथ 60वें स्थान पर बताया गया है। हंगर इंडेक्स यानि भुखमरी सूचकांक के निर्माण में प्रयुक्त मापदंडों और पैमानों के बारे में बात करें तो एक तरफ आंकड़ों और दूसरी तरफ मैथोडोलोजी पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। भारत सरकार ही नहीं कई विशेषज्ञ भी इस रिपोर्ट को सिरे से नकार रहे हैं।

बाल मृत्यु दर : इस सूचकांक का एक बड़ा हिस्सा बाल मृत्यु दर को लेकर है। वर्ष 2023 का भुखमरी सूचकांक बनाते हुए, 2020-21 की बाल मृत्यु दर का जो आंकड़ा लिया गया है। रिपोर्ट में भारत की बाल मृत्यु दर को 31 प्रति हजार बताया गया है। भारत के नमूना रजिस्ट्रेशन प्रणाली द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 के मुकाबले वर्ष 2020 में बाल मृत्यु दर 35 प्रति हजार से घटकर 32 प्रति हजार पहुंच गई थी। यदि बाल मृत्यु दर की घटने की इसी दर को माना जाये तो वर्ष 2023 तक इसके 24.4 तक होने का अनुमान है। ऐसे में कोई कारण नहीं कि भारत में बाल मृत्यु दर को 31 प्रति हजार माना जाये और देश को भुखमरी से पीड़ित बताने में पुराने आंकड़ों का उपयोग किया जाये। ताजा आंकड़ों के अुनसार पाकिस्तान में शिशु मृत्यु दर 55.8 प्रति हजार है। बाल मृत्यु दर उससे भी कहीं अधिक है। इसके बावजूद भारत को भुखमरी के 111वें पायदान और पाकिस्तान को 102वें पायदान पर बताया जा रहा है। इसका कारण यह है कि भुखमरी सूचकांक के अन्य पैमानों में भी गलत आंकड़ों का उपयोग हुआ है।

कुछ खोट अन्य अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के आंकडों में भी है। भारत सरकार द्वारा प्रकाशित आंकड़े जहां शिशु मृत्यु दर को 2020 में 28 प्रति हजार दिखा रहे थे,



अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां उन्हें अपने पुराने अनुमानों के आधार पर 29.848 बता रही हैं। किसी भी विदेशी अथवा भारतीय एजेंसी को सरकार द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अतिरिक्त किन्हीं अन्य आंकड़ों को इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है, लेकिन हंगर इंडेक्स की यह रिपोर्ट खुले तौर पर कहती है कि जरूरी नहीं कि इस रिपोर्ट में सरकारों द्वारा दिए गए आंकड़े ही प्रयुक्त किए गए हैं। भारत में तेजी से सुधरती स्थितियां शायद कुत्सित ऐजेंडा के साथ काम करने वाली संस्थाओं को रास नहीं आ रही।

कुपोषण : जहां तक कुपोषण पर आंकड़ों का प्रश्न है, वेल्ट हंगरहिल्फे के पास कोई तथ्यात्मक आंकड़े नहीं हैं, क्योंकि संबंधित एजेंसी द्वारा गृहस्थ उपभोग सर्वेक्षण 2011 के बाद हुआ ही नहीं। इसलिए 3000 लोगों के नमूने पर एक 'गैलप सर्वेक्षण', जिसकी कार्यप्रणाली भी संदिग्ध है, उसके आधार पर कुपोषण के आंकड़े तैयार किए गए हैं। अगर खाद्य पदार्थों के उत्पादन और उपलब्धता की बात करें तो आज 188 देशों की उपलब्ध नवीनतम वैश्विक रैंकिंग (2020) में भारत का स्थान दुनिया में 35वां है। लगातार बढ़ता प्रति व्यक्ति खाद्यान्न, दूध, अंडों, फल-सब्जी, मछली आदि सभी पदार्थों का उत्पादन इस बात की पुष्टि करता है कि भारत आज मांग की तुलना में अधिशेष का उत्पादन कर रहा है।

ठिगनापन और पतलापन (स्टंटिंग और वेस्टिंग) : देश में कुछ समय पूर्व तक एकमात्र नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वेक्षण द्वारा आकलित स्टंटिंग और वेस्टिंग के आंकड़े ही उपलब्ध थे, लेकिन छोटे सैंपल आकार के चलते, उन पर कई बार प्रश्नचिन्ह लगते थे। भारत सरकार के महिला एवं बाल मंत्रालय द्वारा कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए एक व्यापक पोषण अभियान की शुरूआत की गई है। जहां एनएफएचएस में अपेक्षाकृत छोटे सैंपल के आधार पर निष्कर्ष निकाले जाते थे, पोषण ट्रैकर में 7 करोड़ से अधिक बच्चों के वास्तविक आंकड़ों के आधार पर आंकड़े प्रकाशित किए जा रहे हैं, जहां वेस्टिंग के आंकड़े लगातार बता रहे हैं कि भारत के बच्चों में मात्र 7.2 प्रतिशत पतलापन ही है, जबकि वेल्ट हंगरहिल्फे की भुखमरी रिपोर्ट (2023) में एनएफएचएस 2019-21 का 18.7 प्रतिशत बताया। जहां तक ठिगनेपन यानि स्टंटिंग का सवाल है, विषेषज्ञों को मानना है कि पूरे देश के लिए कद का एक मानक नहीं हो सकता। ठिगनापन ही नहीं पतलापन भी भौगोलिक क्षेत्र, पर्यावरण, आनुवंषिक और पोषण जैसे कई तत्वों पर निर्भर करता है। यदि कद की बात की जाए तो पंजाबी बच्चों का कद पूर्वोत्तर के बच्चों से कई इंच ज्यादा होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इस बात को स्वीकार किया है। इसलिए वेल्ट हंगरहिल्फे का भुखमरी सूचकांक भारत की गलत तस्वीर पेश कर रहा है। 7 करोड़ से ज्यादा बच्चों के स्वास्थ्य आंकड़ों के आधार पर बने पोषण ट्रैकर के आधार पर देखा जाए तो देश में फरवरी 2023 में मात्र 7.7 प्रतिशत बच्चे ही कुपोषित थे। उधर मात्र 3000 लोगों के गैलप सर्वेक्षण के आधार पर भारत में कुपोषण का प्रमाण 16.6 प्रतिशत बताया जा रहा है।

यही नहीं कि भारत सरकार का पोषण अभियान देश में कुपोषण की समस्या के हल के लिए कार्यरत है, और इसके द्वारा प्रकाशित आंकड़ों का उपयोग अब विश्व स्वास्थ्य संगठन भी करने लगा है। हालांकि वेल्ट हंगरहिल्फे की रिपोर्ट की मैथोडोलॉजी पर भी कई सवाल हैं, लेकिन इस लेख के लेखक द्वारा भुखमरी सूचकांक का जो आंकड़ा प्राप्त होता है वह 9.528 निकलता है। इस हिसाब से, वेल्ट हंगरहिल्फे के फार्मूले के अनुसार भी भुखमरी सूचकांक में भारत की रैंकिंग 111वीं नहीं बल्कि 48वीं प्राप्त होती है। वेल्ट की रिपोर्ट के बाद कई विरोधी दलों ने भुखमरी को एक मुद्दा बनाया है। रिपोर्ट को भारत को बदनाम करने की कोशिश मानी जा सकती है।

## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# गणेश शंकर विद्यार्थी और उनका 'प्रताप'

आज, हिन्दी पत्रकारिता के उन्नयन और उसके माध्यम से देश की गुलामी के खात्मे की कोशिशों को परवान चढ़ाने वाले अपने वक्त के अग्रगण्य सम्पादक व स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर उनके पुण्यों का स्मरण करें तो सबसे पहले यही याद आता है कि उनका समय किसान आंदोलनों के देशव्यापी उभार का समय था। खासकर सूबा-ए-अवध में उन दिनों किसानों ने अपने आंदोलनों से गोरी सत्ता की नाक में दम कर रखा था। दूसरे शब्दों में कहें तो उन्होंने उस को पानी पिला रखा था। इस सूबे में अंग्रेजों व तालुकेदारों के दोहरे अत्याचारों से त्रस्त किसान अपनी उग्रता की कोई सीमा मानने को ही तैयार नहीं थे। ऐसे ही आंदोलनों के एक सिलसिले में 1920-21 में उग्र होकर किसान हिंसक आन्दोलनों पर उतर आये तो गोरी सत्ता ने उनका तो बेरहमी से दमन किया ही, उनके पक्षधर समाचारपत्रों व पत्रकारों को भी नहीं छोड़ा। इनमें स्वतंत्रता सेनानी गणेशशंकर विद्यार्थी द्वारा सम्पादित कानपुर का दैनिक 'प्रताप' उसकी आंखों में कुछ ज्यादा ही चुभा क्यों कि वह बिना किसी लाग लपेट के खुलकर किसानों का समर्थन करता था।

देश की आजादी के प्रति समर्पित और किसानों के हितों को लेकर अति की हद तक मुखर इस पत्र का ध्येयवाक्य था-'दुश्मन की गोलियों का सामना हम करेंगे, आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे।' इस पत्र की सम्पादकीय नीति अंग्रेजों को इतनी भी गुंजायश नहीं देती थी कि वे आजादी के लिए महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे अहिंसक और चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में क्रांतिकारियों द्वारा संचालित सशस्त्र अभियानों के अंतर्विरोधों का रंचमात्र भी लाभ उठा सकें। क्योंकि उसमें इन दोनों ही पक्षों के अभियानों का एक जैसा समर्थन और सम्मान किया जाता था।



अंग्रेजों की सेना और पुलिस ने सात जनवरी, 1921 को अपने नेताओं की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे किसानों को रायबरेली शहर के मुंशीगंज में सई नदी पर बने पुल पर गोलियां बरसाकर भून डाला, तो 'प्रताप' पहला ऐसा पत्र था, जिसने उसे 'एक और जलियांवाला' की संज्ञा दी यानी सीधे नरसंहार बता डाला। उन दिनों के दमनकारी हालात में यह जानबूझकर सरकार के कोप को आमंत्रित करने के कदम उठाने जैसा था। यह जानते हुए भी 'प्रताप' के सम्पादक के तौर पर गणेशशंकर विद्यार्थी ने उक्त नरसंहार को लेकर उसके 13 जनवरी, 2021 के अंक में 'डायर शाही और ओ डायरशाही' शीर्षक अग्रलेख लिखा, तो अंग्रेज न सिर्फ तिलमिला गये, बल्कि बदला लेने पर उतर आये। उतरते भी क्यों नहीं, अग्रलेख में विद्यार्थी जी ने लिखा था, 'ड्यूक आफ कनाट के आगमन के साथ ही अवध में जलियांवाला बाग जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति शुरू हो गयी है, जिसमें जनता को कुछ भी न समझते हुए न सिर्फ उसके अधिकारों और आत्मा को अत्यंत निरंकुशता के साथ पैरों तले रौंदा बल्कि उसकी मान-मर्यादा का भी विध्वंस किया जा रहा है। डायर ने जलियांवाला बाग में जो कुछ भी किया था, रायबरेली के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने मुंशीगंज में उससे कुछ कम नहीं किया। वहां एक घिरा हुआ बाग था और यहां सई नदी का किनारा और क्रूरता, निर्दयता और पशुता की मात्रा में किसी प्रकार की कमी नहीं थी।'

यही नहीं, 'प्रताप' ने रायबरेली के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट एजी. शेरिफ के चहेते एमएलसी और खुरेहटी के तालुकेदार वीरपाल सिंह की, जिसने मुंशीगंज में किसानों पर फायरिंग की शुरुआत की थी, 'कीर्ति कथा' छापते हुए उसे 'डायर का भाई' बताया और यह जोड़ना भी नहीं भूला था कि 'देश के दुर्भाग्य से इस भारतीय ने ही सर्वाधिक गोलियां चलाईं।

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित

दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत्तत्व की आराधना है।

## तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रदूषण के लिए चिंता नहीं, चिंतन की जरूरत

कुदरत का अनमोल तोहफा स्वर्ग जैसी धरती और धरती के संरक्षण के लिए कुदरत ने बहुत कुछ हमें दिया है। इसी तोहफे में से एक है साफ-स्वच्छ कुदरत से मिलने वाली वायु। लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसे जहरीला करना आरंभ कर दिया है, जोकि हमारे लिए उचित नहीं है। प्राणी जाति में इनसान सबसे ज्यादा समझदार प्राणी माना जाता है, लेकिन आज भौतिकतावाद और आधुनिकता की अंधी दौड़ में इनसान ने ऐसे काम करने शुरू कर दिए हैं जो उसकी नासमझी को उजागर करते हैं। और यह नासमझी मात्र इनसान जाति पर ही नहीं, बल्कि दूसरी प्राणी जातियों पर भी भारी पड़ रही है। प्रदूषण के प्रति लापरवाही वो दिन जल्द ही ला सकती है जब मात्र सर्दियों में ही नहीं, बल्कि बारहों महीने प्रदूषण से हमारा जीना दुश्वार हो जाएगा। प्रदूषण के लिए चिंता नहीं, आज चिंतन करने की जरूरत है। *-मनोज त्रिपाठी, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### पेंटागन रिपोर्ट पर चीन बोला अमेरिका शांति में बाधक

चीन के सैन्य क्षमता विस्तार पर अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन की एक रिपोर्ट के जवाब में बुधवार को चीन ने कहा कि अमेरिका दुनिया में 'क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता का सबसे बड़ा बाधक' है। पेंटागन ने चीन की सैन्य क्षमता विस्तार पर एक वार्षिक रिपोर्ट तैयार की है जिसे कांग्रेस में पेश किया जाना आवश्यक है। चीन को अमेरिकी सरकार एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपने लिए प्रमुख खतरे और अमेरिका की प्राथमिक दीर्घकालिक सुरक्षा चुनौती के रूप में देखती है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर पेंटागन रिपोर्ट के निष्कर्षों को गलत बताया



## ऑफ बीट

### रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं - जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है। सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है।



## ट्रेंड

### अवसरों पर मंथन

सऊदी अरब के उद्योग और खनिज संसाधन मंत्री इब्राहिम अलखोरायफ से मुलाकात खास रही। भारत-सऊदी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करते हुए, इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के लिए आशाजनक अवसरों पर मंथन किया।

- पीयूष गोयल, केंद्रीस मंत्री



### इंजीनियरिंग की ताकत

आप अपने जीवन की हर स्थिति को आकार देने में सक्षम नहीं हो सकते हैं, लेकिन आप निश्चित रूप से यह निर्धारित करने की क्षमता रखते हैं कि आप अपने जीवन के हर पल का अनुभव कैसे करेंगे। यही इनर इंजीनियरिंग की ताकत है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



### बड़ी जीत चाहेंगे

ऑस्ट्रेलिया आज सिर्फ दो से अधिक अंक की उम्मीद कर रहा होगा। वे उस एनआरआर को पाकिस्तान से यथासंभव दूर करने के लिए एक बड़ी जीत चाहेंगे। अगर वे इसमें कामयाब रहते हैं तो यह पाकिस्तान के लिए बुरा होगा।

-हर्षा भोंगले, क्रिकेटर विशेषज्ञ



### दिल खुशी से धड़क रहा

लगभग 33 वर्षों के बाद, मैं टी.जे. ज्ञानवेल द्वारा निर्देशित लाइका की आगामी फिल्म थलाइवर 170 में अपने गुरु अमिताभ बच्चन के साथ फिर से काम कर रहा हूं। आज इसे लेकर बहुत खुश हूं और मेरा दिल खुशी से धड़क रहा है।

-रजनीकांत, अभिनेता



# प्रधान प्रतिनिधि की पहल पर राम नाम जपने को मजबूर हुए लोग

## मुख्य अतिथि ने इस अनोखी पहल पर प्रधान प्रतिनिधि को किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। फखरपुर ब्लॉक के टेंडवा अल्पीमिस्त्र मजरे रमवापुर में गुरु पूर्णिमा चन्द्रग्रहण पर शाम को भव्य धार्मिक झांकियों का आयोजन किया गया और भक्तिमय गीतों पर लोगो को ग्रहण कॉल में राम नाम जपने पर प्रेरित कर दिया। कार्यक्रम के आयोजक प्रधान प्रतिनिधि उदयराज वर्मा को इस अनोखे अच्छे कार्य के लिए पहुचे मुख्य अतिथि गौरव वर्मा ने सम्मानित कर हौशला अफजाई की। सम्मान समारोह के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा को कमेटी सदस्यों व ग्राम प्रधान द्वारा माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया आगे गौरव वर्मा ने बताया मयार्दा पुरुषोत्तम राम की लीलाओं की जितनी बड़ाई की जाए कम है हम लोग व सनातनी आज उन्ही के मार्गदर्शन पर चलकर अपना जीवन साकार करने की कोशिश कर रहे जल्द ही राम लला के मंदिर का उद्घघाटन भी होने वाला है। उस दिन का सबको बेसब्री से इंतजार है। कार्यक्रम के आयोजकों के समस्त सदस्यो को गौरव वर्मा ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर हौशला अफजाई की। ग्रामीण बाल कलाकार द्वारा दिखाई गई विभिन्न झांकियो से लोगो का मन मोह लिया लोग राम नाम जपने पर मजबूर हो गए। मंच संचालन सुरेस पाल ने किया। केके पंडित विशाल शुक्ला शिवकुमार खुशहाल चौधरी मण्डल अध्यक्ष हृदय राम गुप्ता शिवकुमार वर्मा पवन तिवारी राम बच्चन सोनी राना पाठक आदि मौजूद रहे।

# सडक की पुलिया टूटने से हादसे की आशंका

### आधा दर्जन गांव के ग्रामीणों के आवागमन का है मुख्य मार्ग



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर। बहराइच तहसील मिहींपुरवा के गायघाट रामपुर धोबिया सड़क मार्ग से ग्राम राजापुर कला से भज्जापुरवा बकसहिया जाने वाली पी डब्ल्यू डी की सडक पर बनी पुलिया पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गयी है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में समस्या हो रही है और कभी भी बडी दुर्घटना घट सकती है।

हादसे की आशंका के मद्देनजर ग्रामीणों ने टूटी हुई पुलिस में ईंट खड़ंजा डाल कर रास्ता चालू किया है लेकिन अधिक दबाव होने पर हादसा होने की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण हुआ था और तभी पुलिया बनायी गयी थी दो वर्ष पहले सड़क का मरम्मत कार्य कराया गया था लेकिन क्षतिग्रस्त पुलिया को अनदेखा करके छोड़ दिया गया था। पिछले वर्ष सितम्बर अक्टूबर में हुई भीषण बारिश व बाढ़ की वजह से भी पुलिया का कुछ हिस्सा कट गया था लेकिन आवागमन बाधित नहीं हुआ था। लेकिन इस बार पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है यदि पुलिया का समय से पहले निर्माण न हुआ तो भज्जापुरवा बकसहिया राजापुर कला, राजापुर बनकटवा, हंसपुर बब्बूपुरवा सहित आधा दर्जन गांवों के आगमन का रास्ता बंद हो सकता है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी मिहीपुरवा संजय कुमार से पूछा गया तो बताया कि ग्रामीणों द्वारा जानकारी दी गयी है जिसकी सूचना सम्बंधित विभाग को दी जायेगी जिससे क्षतिग्रस्त पुलिया जल्द ठीक हो सके।

## संक्षेप

### किशोर की हत्या करने वाले दो नाबालिग गिरफ्तार

#### चाकू और दो मोबाइल बरामद, बोले- वो हमारी दोस्ती से जलता था इसलिए मार दिया

अमेठी जिला, अमेठी में तीन दिन पहले हुई किशोर की चाकू से काटकर हत्या के मामले में शामिल दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो चाकू और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। दोनों हत्यारोपी नाबालिग हैं। पूरा मामला जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहब्बतपुर गांव का है। यहां के रहने 14 वर्षीय किशोर मेराज पुत्र बकरीदी का गांव से पांच सौ मीटर दूर झाड़ियों में खून से लथपथ शव मिला था। घटना के बाद पिता बकरीदी ने थाने में गांव के ही दो नाबालिगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। देर शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों नाबालिग आरोपी रानीगंज ओवरब्रिज के पास मौजूद हैं, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। हत्यारों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू को गांव के बाहर से जबकि मृतक के दो मोबाइल को डोमाडीह गांव के पास नाले से बरामद कर लिया गया। पूछताछ में दोनों नाबालिग आरोपियों ने बताया कि मेराज हम दोनों की दोस्ती से जलता था और बीच समाज में गाली देता था। कई बार मारा-पीटा करता था, जिस कारण हम लोगों ने उसे मार दिया और मेराज (मृतक) के दो मोबाइल डोमाडीह नाला और नाले के बगल में फेंक दिए थे, जिस चाकू से मारा था उसे वहीं झाड़ियों में फेंक दिया था।

### अमेठी में दबंगों ने किसान को किया लहूलुहान

#### धारदार हथियार से हमला किया, पुलिस ने 2 घंटे थाने में बिठाए रखा, सिर से बहता रहा खून

अमेठी जिला, अमेठी के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी चौकी अंतर्गत नोनरा करनाईपुर में शुक्रवार की सुबह खेत में मेड़ बांधने के विवाद में घर पर बुलाकर अधेड़ की दबंगों ने धारदार हथियार और लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी। बचाने पहुंची पत्नी को भी दबंगों ने नहीं बख्शा। गंभीर रूप से घायल अधेड़ शिकायत करने थाने पहुंचा तो पुलिस ने इलाज के बजाय दो घंटे तक थाने में बिठाए रखा। इस दौरान घायल के सिर से लगातार खून बहता रहा। पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के नोनरा करनाईपुर गांव का है, जहां गांव का रहने वाला राजकुमार (45) पुत्र सूरजू शुक्रवार की सुबह घर से खेत में बाजरे का लक्ठ्ठा बांधने जा रहे था तभी घर बुलाकर मेड़ बांधने के विरोध में अर्जुन और भीम सरोज पुत्र कालेश्वर ने धारदार हथियार कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया। बचाने पहुंची घायल की पत्नी ललिता को भी दबंगो ने जमकर पीट दिया। गंभीर रूप से घायल राजकुमार को लेकर परिजन संग्रामपुर सीएचसी पहुंचे, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद कार्रवाई के लिए परिजन घायल को लेकर संग्रामपुर थाने पहुंचे।

यहां परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी तहरीर पर कार्यवाही और मेडिकल परीक्षण व इलाज कराने के बजाय 2 घंटे संग्रामपुर थाने पर बैठाए रखा।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण:** टेण्डर नं.- "24-जीकेपी-एमडब्लूएस-2023-24-2" "अपग्रेडेशन ऑफ टायलेट्स इन 389 एलएचबी एसी कोचेस फॉर जीकेपीएस सेक्शन्ड अंडर बल्क आरएसपी पिंक बुक नं. 1255/23-24, **अनुमानित लागत:** ₹ 28,62,63,720.13, **धरोहर राशि:** ₹ 15,81,300.00, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** दिनांक:- 18.11.2023, 11:00 बजे, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** ₹ शून्य, **संविदा की अवधि:** 36 माह। **नोट:** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या https://www.ireps.gov.in को देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक कारखाना**

मुजाधि/यांत्रिक-80 गोरखपुर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


# पुलिस लाइन के सभागार में हुई समीक्षा बैठक



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बीते रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन जनपद बहराइच के सभागार में माल निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ० पवित्र मोहन त्रिपाठी द्वारा आपरेशन क्लीन के अन्तर्गत माल निस्तारण की समीक्षा गोष्ठी की गई। बैठक मे जनपद के सभी नोडल अधिकारी, हेड मोहर्रिर, कोर्ट मोहर्रिर तथा थाने के सभी पैरोकार भी उपस्थित थे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधितों को माल निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# हमीरपुर में जल ज्ञान रैली का आयोजन

- रैली के माध्यम से बच्चों सहित आम लोगों को जल संरक्षण और जल संवर्धन के प्रति किया जागरूक




अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर, हमीरपुर में जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज स्कूली बच्चों की एक रैली निकाली गई। इस रैली के माध्यम से ना सिर्फ बच्चों को बल्कि आम जन को भी जल संरक्षण और जल संवर्धन के रति जागरूक किया गया। बच्चों की रैली को हमीरपुर कलेक्ट्रेट से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक ले जाया गया और पेयजल से सम्बंधित जानकारी भी दी गई। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना हर घर जल के तहत हमीरपुर जिले में दो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाए गए हैं। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से गांव-गांव तक पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी को कैसे पीने योग्य बनाया जाता है। घर घर तक कैसे पहुँचाया जाता है। इसकी जानकारी सभी को हो, साथ ही जल संरक्षण और जल संवर्धन के प्रति बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी जागरूक हों। इसको लेकर आज जल ज्ञान मिशन रैली का आयोजन किया गया था। इस रैली में स्कूलों के सैकड़ों बच्चे शामिल हुए जिन्हें वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक लेजाकर जल से सम्बंधित सभी जानकारियाँ दी गईं। रैली में शामिल एटीएम नमामि गंगे राजेश यादव ने रैली को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाए गए वॉटर ट्रीटमेंट के लिए रवाना हुई। रैली में शामिल हुए बच्चों को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट ले जाकर संबंधित अधिकारीयों द्वारा स्वच्छता और पेयजल बचाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। एटीएम ने कहा की इस रैली का उद्देश्य जल ज्ञान को लोगों तक पहुंचना है।

# पेंशनर की मृत्यु की सूचना कोषागार को देना परिजनों का नैतिक कर्तव्य: वरिष्ठ कोषाधिकारी

### भू-राजस्व बकाये की भांति होगी अधिक भुगतानित धनराशि की वसूली

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागार के संज्ञान में आये हैं जिनमें पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोषागार कार्यालय को नहीं दिये जाने के कारण से बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान हुई धनराशि की वसूली की कार्यवाही करनी पडती है। जिससे सम्बन्धित परिजनों को भी अपरिहार्य स्थिति का सामना करना पड़ता है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री शरण ने सभी सम्बन्धित से अपेक्षा की है कि यथास्थिति पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर सम्बन्धित कोषागार को तत्काल सूचित करें। यह पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य भी है। उन्होंने सम्बन्धित को सचेत किया कि ऐसे किसी भी प्रकरण में मृत्यु की सूचना के अभाव में हुई अधिक भुगतानित धनराशि की वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल किये जाने की कार्यवाही की जायगी।

# राठ में अधेड़ की हुई मौत

- परिजन बोले- पत्नी और पुत्र-पुत्री की हादसे में मौत के बाद शराब का करने लगा था सेवन



अमन लेखनी समाचार

राठ , हमीरपुर जनपद में राठ क्षेत्र के मुस्करा में अपनी पुत्री के यहां पर रह रहे एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते हालात बिगड़ने से मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। जानकारी के अनुसार झांसी जनपद के दडियापुरा का रहने वाला दुर्गा प्रसाद पुत्र भैरव प्रसाद जो कि बीते लगभग 5 वर्षों से अपनी विवाहित पुत्री वर्षा के यहां पर अपने इकलौते पुत्र राहुल के साथ रह रहा था। जिनकी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि बीते करीब 5 वर्ष पूर्व झांसी जनपद के सकरार के पास हुए सड़क हादसे में मृतक दुर्गा प्रसाद की पत्नी, पुत्र व एक पुत्री की मौत हो गई थी। तीन लोगों की एक साथ मौत हो जाने से वह मानसिक तनाव के चलते शराब का अत्यधिक सेवन करने लगे थे। इसी के चलते उसकी पुत्री वर्ष अपने पिता और इकलौते भाई राहुल को अपने यहां मुस्करा ले आई थी।

बताया गया अत्यधिक शराब के सेवन के चलते बीमार होने से ही दुर्गा प्रसाद की मौत हुई है। मामले में मुस्करा थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर का कहना है कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। तथा मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दीपोत्सव में आमजन की भागीदारी को लेकर अभियान शुरू

## सरसों तेल, बाती और मोमबत्ती देकर सहयोग की मांग



अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, दीपोत्सव में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया। इसमें दीपोत्सव मेले में आमजन की प्रतीकात्मक रूप से सरसों का तेल, बाती एवं मोमबत्ती देकर भागीदारी कराने की अपील की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अयोध्या के आमजन की दीपोत्सव में जन भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए खाका खींचा है। जिसमें आमजन से 100 से 400 टछ तक सरसों तेल, बाती व मोमबत्ती के पैकेट विश्वविद्यालय को सहयोग के रूप में दे सकता है। विवि की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने बताया कि अयोध्या का दीपोत्सव अद्भुत, अविश्वसीय व अकल्पनीय है। दीपोत्सव ने अयोध्या को एक वैश्विक पहचान दिलाई है। विश्वविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं के वालंटियर्स पुनः सातवें दीपोत्सव में छठी बार विश्व कीर्तिमान करने जा रहे है। कुलपति ने बताया कि 11 नवम्बर को होने वाले दीपोत्सव में जन सामान्य से सरसों का तेल, बाती एवं मोमबत्ती के रूप में प्रतीकात्मक जन सहभागिता हो सकेगी। 31 अक्टूबर शाम 5 बजे तक पदमश्री अरूणिमा सिन्हा एमिनिटी भवन में यह जन भागीदारी की जा सकेगी। कुलपति ने बताया कि दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए अयोध्या की राम की पैड़ी एवं चौधरी चरण सिंह के 51 घाटों पर 21 लाख दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए 24 लाख से अधिक दीए 25 हजार से अधिक वालंटियर्स द्वारा सजाए जाएंगे इसके बाद इन्हें प्रज्ज्वलित किया जाएगा।

विवि दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में है। राम कथा संग्राहालय, गंगा महल, नागेश्वनाथ, रूपकला महल में दीपों के रखरखाव के लिए स्टोर बनाया गया है। दीपोत्सव हेतु आपूर्तिकर्ता द्वारा पांच-पांच सौ के पैकेट के लगभग 7 लाख से अधिक दीए की आपूर्तिकर्ता द्वारा प्राप्त हो चुकी है। 31 अक्टूबर समस्त दीए व सामग्री उपलब्धता सुनिश्चित हो जायेगी। दीपोत्सव में दीए के लिए स्थानीय कुम्हारों को प्राथमिकता दी गई है। आपूर्तिकर्ता द्वारा दीए क्रय किए जा रहे है। इससे स्थानीय कुम्हारों एवं उनके परिवारों को आर्थिक समृद्धि प्राप्त होगी।

# बांदा में पत्नी की गला दबाकर हत्या

- शराब पीकर पति ने की थी मारपीट, बच्चों ने पड़ोसी को दी सूचना




अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में शराबी पति ने पत्नी के साथ मारपीट की। इसके बाद पत्नी उससे बचकर बाथरूम गई तो वहां भी उसके पीछे पीछे पहुंच गया और जाकर गला दबा कर मार डाला। बच्चों ने देखा तो वह डर के मारे बाहर निकले। जहां पर उन्होंने पड़ोसियों को सूचना दी। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी पति को भी हिरासत में ले लिया है। आपको बता दें कि पूरा मामला बांदा जनपद के गिरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुगुंस पुरवा का है। जहां के रहने वाले बबलू जो कि घर में चक्की चलाता है। वह शाम को शराब पीकर घर पहुंचा और अपनी पत्नी शिवदेवी से लड़ने लगा। साथ ही मारपीट की। जब शिव देवी अपनी जान बचाने के लिए बाथरूम गई तो वह भी वहां पर उसके पीछे पीछे पहुंच गया और उसका गला दबा दिया। बच्चों ने यह सब देखा तो रोते हुए बाहर भागे। पड़ोसियों ने बच्चों को रोता देख सारी बात पूछी। तो बच्चों ने यब बताया। पड़ोसियों ने तुरंत पोलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पति को भी थाने ले गई है। मृतका के भाई ने बताया कि उसका जीजा रोज शराब पीकर घर आता था

# प्रतापगढ़ में असंतुलित होकर पलटा ट्रैक्टर

- चालक की मौत, ईंट-भट्ठे पर मिट्टी ढुलाई के दौरान हुआ हादसा



अमन लेखनी समाचार

लालगंज, प्रतापगढ़ में लीलापुर थाने के ईंट भट्ठे पर मिट्टी की ढुलाई के दौरान असंतुलित होकर ट्रैक्टर पलट गया। उसकी चपेट में आने से चालक की मौत हो गई। मौत की जानकारी होने पर परिवार के लोग बदहवास हो उठे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से ट्रैक्टर को सीधा कराकर शव निकलवाया। पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लीलापुर के शाहीपुर निवासी 24 वर्षीय मोहित गौतम पुत्र संतलाल कटवढ़ स्थित ईट भट्ठा जेबीएफ ब्रिक्स फील्ड पर ट्रैक्टर चालक का काम करता था। गुरुवार दोपहर वह पतुलकी से मिट्टी लेकर एक ईंट भट्ठे पर जा रहा था। मिट्टी ढुलाई के दौरान ईंट भट्ठा के पास दोपहर करीब ढाई बजे अचानक ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया। इससे उसकी चपेट में आने से चालक मोहित की मौत हो गई। मृतक अविवाहित था। वह दो भाईयों में छोटा था। मौत की जानकारी होने पर मां गुड्डा देवी, पिता समेत स्वजन का रो रोकर बुरा हाल है।

एसओ सुभाष यादव का कहना है कि परिवार के लोगों से सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# थाना कोतवाली मे समाधान दिवस का आयोजन

भोगांव/मैनपुरी। थाना परिसर मे आयोजित समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी संध्या शर्मा नें फरियादियो की शिकायतो को सुनते हुये शिकायतो का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये है। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियो ने राजस्व सम्बन्धी एंव अवैध कब्जो आदि से सम्बन्धित शिकायतो को उपजिलाधिकारी संध्या शर्मा के समक्ष प्रस्तुत करते हुये शिकायत की कि अनेको बार प्रार्थना पत्र देने के बाबजूद भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका जिस पर उपजिलाधिकारी ने पीडितो को आश्वस्त करते हुये समस्याओ के निस्तारण के लिये राजस्व टीम के साथ साथ पुलिस कर्मचारियो कों साथ भौतिक सत्यापन कर उनके निस्तारण के कडे निर्देश दिये।

## संक्षेप

### अज्ञात हमलावरों ने बुजुर्ग से की लूटपाट

**चैन अंगूठी तथा 15000 नगदी लूटकर बुजुर्ग को किया घायल**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरपुर गांव निवासी बुजुर्ग चंद्रपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ के ऊपर लगभग 10 अज्ञात हमलावरों ने हमला करते हुए लूटपाट की पीड़ित ने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि वह विगत शनिवार को शाम लगभग 6:30 बजे अमौली कस्बे से खरीदारी करके अपने घर सिकंदरपुर जा रहा था इसी समय मदरी गांव से कुलखेड़ा की तरफ चलने पर 500 मीटर आगे कुछ मोटरसाइकिल सवार लोगों ने पीछे से आवाज दी जिसे सुनकर बुजुर्ग रुक गया तथा कई मोटरसाइकिलों पर सवार लगभग 10 अज्ञात लोगों ने पास में आकर मारपीट शुरू कर दी जिससे पीड़ित के सर आंख नाक समेत अन्य अंगों पर गहरी चोट पहुंची वही हमलावरों ने बुजुर्ग चंद्रपाल के गले से चैन तथा हाथ से अंगूठी खींचते हुए जेब से 15 000 नगदी लूटकर भाग खड़े हुए पीड़ित के मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार यादव ने 10 अज्ञात हमलावरों के ऊपर मुकदमा अपराध संख्या 0212/2023 के तहत धारा 357 , 506 तथा 34 का मुकदमा पंजीकृत कर खोजबीन प्रारंभ कर दी।

### जालौन में बंद मकान से चोरी

**लाखों के जेवरात और नगदी लेकर फरार हुए चोर, पूरा परिवार गांव गया हुआ था**

जालौन, जालौन में चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के जेवरात, नगदी पार कर दिए।इस बारे में तब जानकारी हुई जब गृह स्वामी घर पर पहुंचा और उसने घर का सामान और अन्य सामान बिखरा हुआ देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। मामला उरई कोतवाली के झांसी रोड स्थित तिवारी कृषि फार्म हाउस के पास का है। जहां झांसी जनपद के अमगवां निवासी अनिल कुमार सिंह अपने छोटे भाई शिवेंद्र व चचेरे भाई रामराजा के साथ उरई के झांसी रोड स्थित तिवारी कृषि फार्म के सामने रह रहे हैं। तीनों भाइयों के मकान एक दूसरे के बगल में है। बीते दिनों दशहरे का त्योहार अपने पैतृक गांव में मनाने के लिए सभी लोग परिवार के साथ अमगवां गए हुए थे। उनके मकान में ताला लगा हुआ था। इस बात की भनक पाकर चोरों ने उनके मकानों को निशाना बनाया और में गेट में लगे तालों को तोड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद अंदर के कमरों की कुंडी काटकर चोरों ने अलमारी व बक्सों को खंगालना शुरू किया। जिसमें अनिल के घर से चोर करीब 10 हजार और 80 हजार रुपए के जेवरात, शिवेंद्र के घर से करीब 10 हजार नगद व 30 हजार कीमत के जेवर और रामराज के घर से करीब 20 हजार नगद और करीब 2 लाख के जेवर चुरा ले गए। इस बात की भनक आस पड़ोस रहने वालों को न लगी। गुरुवार दोपहर को जब पड़ोसी अनिल के मकान के बाहर खड़े हुए थे, तभी उनकी नजर गेट में लगे ताले पर गई जो टूटा हुआ था। तब पड़ोसी ने अनिल को मोबाइल पर इस बात की सूचना दी।

# पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

**पीपीए की बैठक में अनुशासन पर दिया गया जोर**

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील बांसगांव की मासिक बैठक उपनगर के बांसगांव रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने परमहंस आशीर्वाद हॉस्पिटल कौड़ीराम पर सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक जयप्रकाश गुप्ता एडवोकेट ने कहा की पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन की नींव ही अनुशासन के बल पर हुई थी। यह संगठन अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करता है। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव सुधाकर तिवारी ने कहा कि सभी सदस्यों का नैतिक कर्तव्य है कि वह अपने संगठन को आगे बढ़ाने में मदद करें। संगठन अपने सदस्यों के हित में आर पार की लड़ाई लड़ता है। राष्ट्रीय सचिव डीपी राय ने कहा कि पीपीए में कोई भी सदस्य छोटा बड़ा नहीं है, सभी सदस्य अपने आप को पदाधिकारी समझकर कार्य करें जिससे संगठन मजबूत हो। राष्ट्रीय संरक्षक संत कुमार सिंह ने कहा कि पीपीए में बांसगांव इकाई में नए सदस्यों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि पीपीए की नीव बांसगांव तहसील से पड़ी है इसलिए बांसगांव तहसील को हमें मजबूत बनाना है। तहसील अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि पीपीए अपने सदस्यों के सुख-दुख में हमेशा तत्पर रहा है और आगे भी रहेगा। बांसगांव तहसील इकाई के सभी सदस्य मेरे परिवार के तरह है। कार्यक्रम का संचालन तहसील कोषाध्यक्ष जयप्रकाश यादव उर्फ साधु यादव ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृपा शंकर सिंह ने बैठक मे आए हुए सभी लोगों को धन्यवाद दिया एवं कहा कि कुछ छूट भैये टाइप संगठन आपको बरगाने का कार्य करेंगे आप लोग इनके झांसे में ना आएं। बैठक के अंत में सहभोज कार्यक्रम भी रखा गया था। इस बैठक में विनोद गुप्ता, मुन्नीलाल जायसवाल, प्रहलाद मौर्या, रघुवंश मणि त्रिपाठी, अभिमन्यु राय, दीपक सिंह, नरसिंह यादव, वीरेंद्र पांडेय, अमरनाथ यादव, जयराम यादव, राजा प्रजापति, अमन वर्मा, रणधीर कुमार, सुरेश राजभर, अरुण कुमार गुप्ता, राधेश्याम वर्मा, सुषमा वर्मा, सतीश वर्मा, अनुपमा पांडेय व अन्य पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# सपा राष्ट्रीय महासचिव ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां सपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 4 नवंबर को सहजनवा भीटी रावत आएंगे वह मूर्ति का अनावरण करने के साथ ही नाई सम्मेलन भी शिरकत करेंगे। रविवार को सपाईयों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया लोकसभा चुनाव के साथ ही राजनीतिक दल अपनी पेट मजबुत करने पर जुटे हैं सपा भी कार्यक्रमों के जरिए भाग जमाने में जुटी है लोकसभा चुनाव के कुछ महीने पहले 4 नवंबर को सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहजनवा शारदा प्रसाद रावत महाविद्यालय आयेगे। वहा भिटी रावत स्थित स्वर्गी रेशमा रावत की प्रतिमा का अनावरण करेंगे साथी प्रदेश स्तरीय नाई सम्मेलन भी भाग लेंगे कार्यक्रम की सहमत मिलने के बाद रविवार को सपा के समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राम अचल राजभर के नेतृत्व मे सपा के नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया साथ ही कार्यक्रम को लेकर रणनीति तैयार की इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय नाई महासभा उत्तर प्रदेश ठाकुर राम भवन शर्मा पूर्व विधायक यशपाल सिंह रावत जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम पूर्व विधायक विजय बहादुर यादव जिला उपाध्यक्ष गिरीश यादव रामनाथ यादव दूधनाथ मौर्य राजेंद्र कुमार आलोक यादव प्रदीप यादव चिखुरी यादव अजीत सिंह प्रेम यादव पप्पू जयप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का सीएचसी केंद्रों पर हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली सीएससी सहित तीन स्वास्थ्य केंद्रों पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रत्येक रविवार को नजदीकी स्वास्थय केंद्र पर आरोग्य मेले का आयोजन करती है। मेले में एक ही स्थान पर जनता को चिकित्सक, दवा व जांच की मुफ्त सुविधा दी जाती है। जिसमें मरीजों को एक ही जगह विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श,जांच व दवाओं की मुफ्त सुविधा मिलती है।पिपरौली के अधीक्षक डाक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि एक ही स्थान पर चिकित्सकीय परामर्श,जांच व दवाओं की निशुल्क सुविधा होने से यह मेला जनसामान्य में बेहद लोकप्रिय है।सीएससी प्रभारी डाक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि सीएचसी पर 129 महावीर छपरा में 102, भीटी खोरिया में 158 तथा छपिया मे 152 मरीजो को जांच करके पूरे ब्लॉक में कुल 541 मरीजो को दवा दी गयी।इस दौरान डाक्टर विवेक प्रताप,डाक्टर एस के वर्मा,डाक्टर साबरमती,फार्मासिस्ट वीरेंद्र,विनोद कुमार शुक्ला,सतीश राय, राजगौरव सिंह,अरुण गौतम,वीरेंद्र कुमार,अंकिता,ओम शिवेंद्र भारती, शिवबहादुर यादव,सतीश,सुनील सिंह, मौजूद रहे।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर।सजहनवा विधानसभा के बूथ संख्या 329 ग्राम फरसाडाँड़ ,महुवाडाबर में पीएम मन की बात 106 वा एपिसोड को विधायक प्रदीप शुक्ला ने कार्यकताओं के साथ सुना। विधायक प्रदीप शुक्ला ने पीएम मन की बात एपिसोड टीवी के माध्यम से सुना।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्य, ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव,जिला पंचायत सदस्य राम बुझारत पासी, गुलाब तिवारी, ऋषिकेश जायसवाल,दिलीप नारायण दुबे ,संत राम दुबे ,नीरज उपाध्याय, समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# कांग्रेसयों ने भराया दलित अधिकार मांग पत्र

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां विधानसभा के पाली ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिचंद गुप्ता ने पाली के ग्राम पंचायत डोहरिया कला के दलित बस्ती में जाकर दलित अधिकार मांग पत्र भरवाया और दलित सवांद कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिचंद गुप्ता ने कहा कि प्रदेश काँग्रेस कमेटी पूरे प्रदेश में दलित वर्ग की प्रमुख मांगों की जानकारी प्राप्त कर उस पर काम करने के लिए जगह जगह चौपाल आयोजित कर दलित वर्ग के लोगों के प्रमुख मांगों की जानकारी प्राप्त कर रहीं हैं जब से भाजपा की सरकार आई है बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने दलित समाज को जो अधिकार दिए थे उसे समाप्त करने का कुचक्र रचा जा रहा है। जिसे काँग्रेस पार्टी हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगी। काँग्रेस पार्टी दलित समाज के लोगों को उनके अधिकार दिलाने के लिए लगातर संघर्ष कर रही है और उन्हें उनके अधिकार दिलाने तक काँग्रेस पार्टी रुकेंगी नहीं।कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुभाष जी,विष्णु कन्नौजिया, जयराम ,रामबहादुर ,रामदयाल,हरीराम,राजकरन सहित अन्य ग्राम पंचायत के लोग मौजूद रहे।

# सीआरसी में ऑनलाइन मनाया गया विश्व स्ट्रोक दिवस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। विश्व स्ट्रोक दिवस मनाने के लिए सीआरसी गोरखपुर ने ऑनलाइन ई-परामर्श श्रृंखला 240 का आयोजन किया। वेबीनार को एपेक्स कॉलेज आफ फिजियोथैरेपी के प्रधानाचार्य डॉ अक्षय दीक्षित ने संबोधित किया। वेबिनार को संबोधित करते हुए डॉ दीक्षित ने कहा कि स्ट्रोक से बहुत सारे लोगों की मौत तक हो जाती है। उन्होंने कहा कि चक्कर आना, मांस पेशियों की कमजोरी, सर दर्द, उल्टी आना आदि स्ट्रोक के लक्षण है। अकड़न आदि को कम करने के लिए बर्फ से सिकाई की जा सकती है तथा सही पोजीशन द्वारा स्ट्रोक को काम किया जा सकता है। इससे बचने के लिए लोगों को स्वस्थ आहार-विहार अपनाना चाहिए तथा अपनी सोच को सकारात्मक रखनी चाहिए। सीआरसी गोरखपुर के इंचार्ज श्री नीरज मधुकर ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्ट्रोक एक कामन समस्या बनती जा रही है। जिसके लिए सभी को सावधानी बरतनी चाहिए और जागरूकता ही इसका सर्वोत्तम बचाव है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक एवं फिजियोथैरेपी विभाग के प्रवक्ता श्री विजय कुमार गुप्ता ने किया। श्री विजय कुमार गुप्ता ने स्ट्रोक होने के अनेक कारणों भी जिक्र किया। श्री मंजेश कुमार ने प्रश्नोत्तर काल का संचालन करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक अमित कुमार कच्छप सहित सीआरसी गोरखपुर के सभी अधिकारी और कर्मचारी गण जुड़े रहे। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया।

# प्याज में लगी आग: बढ़ती कीमत ने भोजन के स्वाद को बिगाड़ा, कौन है इसका जिम्मेदार ,सरकारें या बड़े व्यापारी

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते रसोई का स्वाद बिगाड़ दिया है।

इसके बावजूद, लोग प्याज की महंगाई के कारण अपने पसंदीदा व्यंजनों से दूर रह रहे हैं प्याज की कीमतों के बढ़ते दाब के कारण, आम लोगों के पास इसका उपयोग कम करने के लिए कठिनाइयाँ हो रही हैं। खासकर, गरीब वर्ग के लोग प्याज की कीमतों के बढ़ते प्रभाव का अधिक अहसास कर रहे हैं। वैसे तो सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्र सरकार ने घरेलू उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्याज के निर्यात पर 800 अमेरिकी डॉलर (लगभग 67 हजार रुपये) प्रति मीट्रिक टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) तय किया है। अधिसूचना के मुताबिक सरकार ने यह कदम प्याज की बढ़ती बाजारो में प्याज की खुदरा कीमतें बढ़कर 65-80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। स्थानीय विक्रेता 80 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर प्याज बेच रहे हैं।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ मिलकर क्षेत्रीय विधायक ने किया ऐतिहासिक दंगल का शुभारंभ

**57 वर्ष प्राचीन दंगल में अन्तर्राष्ट्रीय पहलवानों ने दिखाऐ दाव पेंच**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड के गांव बेंहटी में 57 वर्षों से चली आ रही विराट दंगल की परंपरा का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम एवं जहानाबाद विधानसभा के भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने फीता काटकर विराट दंगल का शुभारंभ किया विराट दंगल समिति के अध्यक्ष अजीत साहू दयाशंकर पहलवान विवेक उमराव पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद उमराव पूर्व प्रधान बिरनई श्रीकांत उत्तम दीपक उमराव समेत समिति के सभी पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया विराट दंगल में उत्तर भारत समेत अनेक प्रांतो से आए पहलवानों ने अपने-अपने दांव पेंच दिखाएं

### अखाड़े के दाव पेच रहे रोमांचक

दंगल के अखाड़ा अंतर्गत पंजाब से पधारी रीना पहलवान ने हरियाणा प्रांत की प्रीती पहलवान को पराजित किया नेपाल के बादल थापा पहलवान ने मुजफ्फरपुर के जालम सिंह को पराजित किया वहीं हनुमानगढ़ी अयोध्या के बाबा बजरंगी दास पहलवान ने जालौन के मोहर सिंह के बीच रोमांचकारी कुश्ती देखने को मिली जो बराबरी में छूटी विराट दंगल की अंतिम कुश्ती 51000 की घोषित हुई जिसमें ग्वालियर के जीतू पहलवान तथा झांसी के श्याम जी पहलवान के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला काफी देर दावपेच के पश्चात कुश्ती बराबरी पर ही छूट गई जनपद के केसरी के रूप में पहचाने जाने वाले लमेहटा गांव के पहलवान श्री राम की कुश्ती अलीगढ़ जनपद के बंटी से कराई गई दंगल प्रांगण में पहुंचकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने दोनों पहलवान को हाथ मिलवाते हुए गांव पेंच दिखाने का आगाज किया रोमांचकारी कुश्ती के पश्चात फतेहपुर केसरी श्री राम पहलवान ने अलीगढ़ के बंटी को बुरी तरह पराजित किया यह देख दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भारत माता की जय आदि जयकारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया कार्यक्रम का संचालन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी पहलवान दयाशंकर बाबू सिंह एवं ओजस्वी गायक धर्मेंद्र सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी कुंवर साहब सिंह गौतम अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता राजेंद्र सिंह पटेल अवधेश तिवारी एवं ग्रामीण जिला जज रायबरेली महेंद्र नाथ वर्मा आदि ने पहलवानों का उत्साह वर्धन किया इस मौके पर ग्राम प्रधान चांदपुर शिवशंकर तोमर ओमप्रकाश उमराव प्रधान पति अमौली बंटू सोनकर भाजपा महिला मोर्चा की उत्प्रेक्षा त्रिवेदी मोना सुरेंद्रनाथ उमराव चांदपुर के समाजसेवी राघवेंद्र सिंह तोमर बृजेश पटेल ग्राम प्रधान बुढ़वा सनोज कुमार धर्मपाल पाल नेवरी जलालपुर ओमर गिफ्ट सेंटर शोरूम अमौली के अधिष्ठाता मुकेश ओमर समेत हजारों की संख्या में दर्शक एवं वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे

**ऑपरेशन** जालौन में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने किया ऑपरेशन, अब इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर

# महिला के पेट से निकाला 20 किलो का ट्यूमर

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन के उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में अब कठिन से कठिन ऑपरेशन होने शुरू हो गए हैं, जिससे मरीजों को अब बाहर इलाज करने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। मरीजों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में ही यह सुविधा मिलने लगी है। ऐसा ही मामला आज देखने को मिला जब बच्चेदानी में ट्यूमर की समस्या से जूझ रही एक महिला का मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। करीब एक घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद मरीज स्वास्थ्य है उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया है। महिला की बच्चेदानी से लगभग 20 किलो का ट्यूमर निकाला गया, जो ऑपरेशन दिल्ली लखनऊ में होते हैं उसे पहली बार उरई में किया गया। उरई का राजकीय मेडिकल कॉलेज हमेशा मरीजों के लिए रेफर सेंटर बन गया था, यहां पर जो भी मरीज इलाज करने के लिए पहुंचता था उसे सुविधा नहीं मिल पाती थी और उसे हायर सेंटर कानपुर झांसी के लिए रेफर कर दिया जाता था मगर अब यह सुविधा मरीजों को मेडिकल कॉलेज में मिलने लगी है। जालौन के ग्राम खर्रा की रहने वाली एक महिला बच्चेदानी में ट्यूमर की समस्या से जूझ रही थी, मगर आर्थिक स्थित ठीक न होने के कारण वह अपना इलाज नहीं कर पा रही थी। वह उरई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में दिखाने के लिए आई, जहां डॉक्टरों ने उसे ट्यूमर की शिकायत बताई, साथ ही उसके ऑपरेशन की सलाह दी। पिछले 1 साल से आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण अपना इलाज नहीं कर पा रही थी, बाद में उसने मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर की सलाह पर मेडिकल कॉलेज में ही ऑपरेशन कराने पर मानी, जिसे मेडिकल में भर्ती कराया गया और सभी प्रकार की जांच कराकर सर्जरी आचार्य डा. सुधांशु शर्मा ने अपनी टीम के साथ महिला के बच्चे दानी के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया। उसके दोनों तरफ ट्यूमर था।

ट्यूमर का वजन 20 किलो के लगभग है। डॉ सुधांशु शर्मा ने बताया कि जनपद के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इनके दो बार ऑपरेशन भी बाहर हो चुके थे और एक साल से पेट में दर्द हो रहा था। वही सफल ऑपरेशन के उपरांत राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के मौर्य एवं प्रभारी सीएमएस डॉ प्रशांत निरंजन ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए बच्चेदानी के ट्यूमर के ऑपरेशन की बड़ी सफलता मिली है। इस ऑपरेशन के लिए लखनऊ, दिल्ली मरीज को जाना पड़ता था। जहां पर हजारों रुपए खर्च होते थे। वहीं उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे उनकी डॉक्टरों की टीम को बधाई देते हैं।

वहीं प्राचार्य ने कहा कि जनपद के साथ आसपास के जनपद वासियों को बड़े शहर की तर्ज पर मिलने वाली सुविधा मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध कराना ही उनका लक्ष्य है। इस दौरान ऑपरेशन टीम में डॉ रितिका, एनेस्थिया डॉ अरुण अहिरवार, डॉ अरबाब, डॉ उस्मान, डॉ भावना मौजूद रहीं।

# स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से मरीजों को मिली राहत

**अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा क्षेत्र में निरंतर लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविर**

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र में विगत समय बीमारी की संख्या में बढ़ोतरी दिखाई दी जहां तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक गुप्ता के निर्देशन पर विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के नेतृत्व में जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगाए गए विकासखंड के लगभग दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों को दवा मुहैया कराई गई वहीं चिकित्सकों ने गांव-गांव जाकर साफ सफाई के प्रति जागरुक करते हुए एंटी लारवा का छिड़काव कराया इसी क्रम में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार द्वारा विकासखंड के गांव गंगौली ( सिकठ्नपुर ) में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया विद्यालय परिसर में लगे स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप फार्मासिस्ट शिवम सीएचओ अंशू समेत गांव की आशा कार्यकत्री श्रीकांती आदि की टीम मौजूद रही जहां बारी-बारी से जाकर ग्रामीणों ने अपनी जांच कराते हुए उपचार कराया चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शिविर में 20 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा दी गई जिसमें दो मरीजों की डेंगू तथा एक मरीज की मलेरिया परजीवी जांच की गई जो ऋणात्मक पाई गई शिविर के साथ-साथ चिकित्सकों ने गांव का भ्रमण करते हुए आम जनमानस को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया

खास समाचार

## गाजीपुर जिले के जमनिया नगर पालिका परिषद डोम डेरवा के पास लगे टयुबल खराब होने से शुद्ध पेयजल आपूर्ति न होने नगरवासी परेशान

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के जमानियां नगर पालिका परिषद द्वारा की जा रही शुद्ध पेयजल आपूर्ति बेपटरी होने से पानी को लेकर हो हल्ला मचा हुआ है। पूरे नगर सहित वार्डों में पानी की सप्लाई नहीं हुई है।वही पेयजल की दिक्कत को देखते हुए पालिका द्वारा शनिवार को टैंकरों के माध्यम से एक स्थान पर टैंकर को खड़ा कराकर पानी की आमजन तक पहुंचाई जा रही है।नगर में पानी को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए पालिका द्वारा शुद्ध पेयजल टैंकर के जरिए पानी पहुंचाया जा रहा है।बताया जा रहा है कि डोम डेरवा बस्ती के पास पालिका की ट्यूबल में आई खराबी के कारण दो रोज जल वितरण व्यवस्था बिगड़ गई है।करीब 30 हजार की आबादी में से अधिकतर परिवारों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर पालिका परिषद के उपभोक्ताओं के घरों में इधर दो रोज से पानी की किल्लत को रोष जताया।लेकिन पालिका के उदासीनता के कारण पर्याप्त पानी वितरण व्यवस्था सही नहीं होने के चलते पानी को लेकर हो हल्ला मचा हुआ है। इस बाबत पालिका चेयरमैन जय प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मोटर में आई खराबी को मिस्त्री मरम्मत कर रहे हैं।ठीक होने पर पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप चालू कर दी जाएगी।

## दुद्धी पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय के आदेश पर अभियुक्त का चल सम्पत्ति (घरेलू सामान) किया गया कुर्क

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश/विशेष न्यायधीश (पॉक्सो) एक्ट जनपद सोनभद्र द्वारा मु0न0 रढछ रळ ठड 31/14 मु0अ0सं0- 351/14 धारा 363, 366, 376, 120बी भादवि तथा 04 पॉक्सो एक्ट के सन्दर्भ में जारी धारा 83 सीआरपीसी के आदेश के अनुपालन के क्रम में फरार चल रहे अभियुक्त अनिल चन्द्रवंशी पुत्र लाल बच्चा निवासी रामनगर कृषि मण्डी दुद्धी थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र की चल सम्पत्ति (घरेलू सामान) को दुद्धी पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार कुर्क किया गया ।

## घोरावल पुलिस द्वारा 01 किलो 350 ग्राम गांजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन मे मादक पदार्थों के विक्री एवं विक्री करने वाले तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29.10.2023 को थाना घोरावल पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक नफर अभियुक्त बच्चा भाई पुत्र सुरेश कुमार, निवासी देवरीकाठ, थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 30 वर्ष के कब्जे से 01 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना घोरावल पर मु0अ0सं0-162/2023 धारा 8/20 ठऊढर अ़ऌ का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी ।

## रायपुर पुलिस ने 2 शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, एक अदद बोलेरो से 34 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है, इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी सदर संजीव कटियार के निर्देशन में दिनांक-29.10.2023 को थाना रायपुर पुलिस की टीम द्वारा 01 अदद बोलरो न0 खत्न 01व7743 से 235 पाउच 100 8ढे 29 हाफ, 375 कुल 34 लीटर अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत 38, 350 रुपये के साथ 02 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रायपुर पर मु0अ0सं0-95/2023 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## दुद्धी पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में 1 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा दिनांक 28.10.2023 को रात्रि लगभग 22.15 बजे थाना दुद्धी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-158/ 2023 धारा 377 भादवि व 3(2)4 पॉक्सो एक्ट से सम्नबन्धित प्रकरण में 1 अभियुक्त बृजेश कुमार गोंड़ पुत्र महेन्द्र गोंड़ निवासी ग्राम मझौली, थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 24 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी ।

## पुलिस अधीक्षक ने दो थानाध्यक्षों का किया फेयर बदल

### योगेश कुमार ने बकेवर तो राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने संभाली सुल्तानपुर घोष थाने की कमान

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने जनपद के दो थाना अध्यक्षों पर फेर बदल किया जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना में कार्यरत थाना अध्यक्ष योगेश कुमार को बकेवर थाना प्रभारी बनाया गया वहीं बकेवर थाना अध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी को सुल्तानपुर घोष का कार्यभार सौपा गया थाना अध्यक्ष योगेश कुमार इससे पहले भी जनपद के दपसौरा चौकी, तथा चांदपुर थाना की कमान संभाले रहे वही राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने भी जनपद के चांदपुर थाना ,जोनिहा चौकी ,देवमई चौकी, समेत थाना चौकी पर कार्यरत होकर निरंतर जनपद वासियों को सुरक्षा प्रदान करते रहे दोनों थाना अध्यक्षों ने पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन पर निर्धारित किए गए थाने पहुंचकर कार्यभार को संभाला ठाणे पहुंचने पर थाना परिसर के सभी उप निरीक्षक तथा आरक्षियों ने नव आगंतुक थाना अध्यक्षों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया

# गाजीपुर जिले में फर्जी दस्तावेज के जरिए फर्जीवाड़ा कर मदरसे में शिक्षक बनीं गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले फर्जी दस्तावेज के जरिए मदरसे में शिक्षक बनी निकहत परवीन बहादुरगंज नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष निकहत परवीन को पुलिस ने शनिवार सुबह उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूर्व में मदरसा प्रबंधक रहे नजीर अहमद के यहां भी पुलिस ने दबिश दी, लेकिन वह फरार हो गया।अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की ओर से दर्ज एफआइआर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। भाजपा नेता फैजान खान ने 22 नवंबर, 2022 को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि नगर पंचायत अध्यक्ष निकहत परवीन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मदरसा मदरसतुल मसाकीन में 17 मार्च, 2006 से सहायक अध्यापक (तहतानिया) के पद पर नियुक्त हैं।55 प्रतिशत अंक होने हैं अनिवार्य निकहत ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना से 1990 में हाईस्कूल तथा उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से 2005 में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की।इंटरमीडिएट में उनका प्राप्तांक 52 प्रतिशत है, जबकि सहायक अध्यापक (तहतानिया) की नियुक्ति में 55 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। आरोप है कि मुख्तार अंसारी के खास रेयाज अहमद अंसारी ने अपने रसूख के दम पर फर्जी तरीके से पत्नी को नौकरी दिलाई। जांच में शिकायत सही मिलने पर उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार ने निकहत परवीन का वेतन रोककर कानूनी कार्रवाई करने की संस्तुति दी।एसपी ओमवीर सिंह का कहना है कि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की ओर से दर्ज एफआइआर पर कार्रवाई करते हुए निकहत परवीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।इनका पति व बहादुरगंज का चेयरमैन रेयाज माफिया मुख्तार अंसारी का करीबी है।इसकी भी जांच की जा रही है।

## 5 वर्षीय मासूम के साथ युवक ने किया अप्राकृतिक दुष्कर्म



### आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

दुद्धी /सोनभद्र।दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 5 वर्षीय अबोध बालक जो अपने घर से कुछ दूर लगे हैंडपंप पर स्कूल से आने के बाद स्नान करने गया था कि बगल गांव के ही 24 वर्षीय बृजेश कुमार गोड पुत्र महेंद्र सिंह गौड़ निवासी ग्राम मझौली थाना दुद्धी बालक को बहला फुसला कर अपने साथ पाही पर ले गया और घटना को अंजाम दिया , जिससे बालक का काफी खून बहने लगा बालक ने घर पर आकर अपने साथ हुए घटना को परिजनों बताया ,जिसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दी, सूचना पर तुरंत पहुंचे कोतवाली प्रभारी नागेश सिंह अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ और बालक को तुरंत अपने वाहन से इलाज हेतु सीएचसी दुद्धी भेजवाया एवं आरोपी की तलाश में जुट गये ,मुखबिर से सूचना मिली कि कादल गांव में किसी वाहन से भागने के फिराक में जुटा हुआ है।जिससे पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को रजखड़ तिराहे पास से रात्रि में लगभग 10:15 बजे गिरफ्तार कर लिया और पीड़ित बालक के मां की तहरीर पर धारा 377 भादवि, 3(2)4 पास्को एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी युवक को न्यायालय भेज दिया।

## ट्रैक्टर से हुए हादसे में पुलिस ने किया दो लोगो के खिलाफ मामला दर्ज

### रोटावेटर से दबकर युवक की हुई थी मौत

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा, झाँसी।रोटावेटर से दवकर हुई युवक की मौत के मामले में मृतक के परिजनों ने थाना अध्यक्ष गुरसरांय को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि प्रार्थिया विनोदी पत्नी शिवदयाल निवास ग्राम बछेह थाना गुरसरांय जिला झाँसी की निवासी है। दिनांक 27/10/23 को समय शाम 6 बजे प्रार्थिया अपने घर में बैठी थी तभी मेरे गांव के ओम प्रकाश उर्फ भूरे पुत्र सुखनन्दन यादव व रामकुमार पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासीगण ग्राम बछेह थाना गुरसरांय जिला झाँसी मेरे घर पर आये तथा मेरे पुत्र सतेन्द्र खंगार पुत्र शिवदयाल निवासी ग्राम बछेह से कहने लगे कि तुम टैक्टर चला लेते हो मेरे साथ चलना है तथा मेरे खेत की ट्रेक्टर से जुताई करना है।जिस पर मेरा पुत्र सतेन्द्र खंगार उन लोगों के साथ उनका ट्रेक्टर 1035 डी आई मेसी ट्रेक्टर उनके साथ उनका खेत जोतने चला गया रात भर ट्रैक्टर से जुताई करते रहे दिनांक 28/10/23 को सुबह समय करीब 6.30 बजे मेरे गाँव के निर्भय सिंह पुत्र गोविन्द सिंह, देवेन्द्र सिंह पुत्र गन्धर्व सिंह व बलवीर सिंह पुत्र रामनाथ अपने खेतो की देख भाल हेतु जा रहे थे तथा जहाँ पर मेरा पुत्र सतेन्द्र खंगार ट्रेक्टर चला रहा था। वही से निकले तो इन लोगो ने देखा कि ट्रेक्टर जो कि रोटर वेटर से जुडा हुआ था रोटर वेटर में घास व मिट्टी फस गयी जिसे हटाने हेतु मेरे पुत्र ने ओम प्रकाश व राम कुमार से कहा तो उन लोगो ने मेरे पुत्र से कहा कि तुम जाकर घास व मिट्टी रोटर वेटर से हटा दो जिस पर मेरा पुत्र ट्रेक्टर से नीचे उतर कर रोटर वेटर से घास व मिट्टी हटाने लगा तभी ट्रेक्टर पर बैठे राम कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने मेरे पुत्र के ऊपर रोटर वेटर गिरा दिया तथा ट्रेक्टर को चला दिया जिससे मेरे पुत्र की रोटर वेटर में दब जाने व कट जाने से मौके पर मृत्यु हो गयी। यह बात उक्त निर्भय सिंह, व देवेन्द्र सिंह व बलवीर सिंह ने मुझे बताई थी। इनको यह पता था कि रोटर वेटर गिरने से सतेन्द्र की मृत्यु हो सकती है फिर भी इन्होने लापरवाही से रोटर वेटर चलाकर उसके ऊपर गिरा दिया तथा ट्रेक्टर चला दिया जिससे मेरे पुत्र की दर्दनाक मृत्यु हो गई है।

## केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत मंच पार्किंग स्थल सहित अन्य स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं के बारे में ली जानकारी

### अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी, जोन वाराणसी द्वारा मुख्यमंत्री उ0प्र0 के जनपद मीरजापुर आगमन/भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत अधिकारी/कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर - केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री जी के जनपद आगमन के दृष्टिगत मंच व्यवस्था पांडाल व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनंदन से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया मुख्यमंत्री उ0प्र0 के जनपद मीरजापुर आगमन भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी, जोन वाराणसी राम कुमार द्वारा मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डा0 मुथुकुमार स्वामी बी, पुलिस उप-महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी. सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के साथ थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण सहित पीएसी बल के अधिकारी/कर्मचारीगण की ब्रीफिंग की गयी। ब्रीफिंग कार्यक्रम के दौरान जनपद एवं गैर जनपद से ड्यूटी हेतु आये पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण को उच्चतम सुरक्षा श्रेणी व्यवस्था को देखते हुए लगी समस्त ड्यूटियों एवं रूट व्यवस्था के बारें में बिन्दुवार बताकर, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बनाए गए विभिन्न प्वाइंटो पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपनी-अपनी ड्यूटी का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने के दिशा निर्देश दिये गये। आईजी वाराणसी जोन ने सभी मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारी सभी को संबोधित करते हुए विस्तृत आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

मंडलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने सभी मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि पार्किंग पर जिसकी भी ड्यूटी लगाई गई है वह पूरी मुस्तैदी के साथ गाड़ियों को कतारबद्ध खड़ी करेंगे ताकि जाम की स्थिति ना बने। उन्होंने कहा कि रूट चार्ट के अनुसार लगायी गयी ड्यूटी के अनुसार ही सड़कों पर रहे। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि सभी पंडाल मंच में जिस भी अधिकारी, पुलिस कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है वह अपने एंक्लोजर में उपस्थित रहकर सभी व्यवस्थाओं को देखते रहेंगे। उन्होंने कहा की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिस पास धारक को जिस गली से आना है उसे उसी गली से ही प्रवेश दिया जाए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारीगण सहित जनपद मीरजापुर एवं गैर जनपद से आये हुए समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

तत्पश्चात मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मा0 मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत विंध्याचल पहुंचकर हेलीपैड, मंदिर परिसर, पार्किंग कारीडोर परिपथ आदि व्यवस्थाओं का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## टेलर ट्रक हुई हादसे का शिकार, टेलर की चपेट में आने से तीन घायल

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाइवे पर बड़ा हादसा होने से अफरा तफरी मच गया। टेलर की चपेट में आने से 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया। अभी तक घायल कहा के थे इसकी जानकारी नहीं हो सकी। हादसे में 2 दुपहिया भी टेलर की जद में आने से क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान स्टेट हाइवे मुख्य मार्ग घण्टों जाम रहा। मिली जानकारी के अनुसार टेलर प्रीतनगर चोपन से पतवध की तरफ जा रही थी। जैसे ही चोपन बस स्टैंड पर पहुँची वैसे ही टेलर अनियंत्रित होकर स्टेट हाइवे के डिवाइडर से टकराकर उल्टी दिशा में मिठाई की दुकान के पास रखे गिट्टी की वजह से रुक गई। अगर गिट्टी नहीं होती तो शायद टेलर दुकान में घुस जाती। घटना के बात ड्राइवर को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर लिया और चोपन पुलिस के आते ही उनको सौप दिया। पुलिस ने ड्राइवर से ही टेलर ट्रक को हटवाकर थाने ले गई। वही स्थानीय लोगों की माने तो ड्राइवर नशे की हालत में वाहन को काबू नहीं कर पाया और हादसा कर दिया। वही ड्राइवर ने नशे से साफ इंकार करते हुए कहा कि लोगों के बचाने के चक्कर मे वाहन हादसे का शिकार हो गई। बताते चले कि बस स्टैंड पर पहले भी बड़ा हादसा हो चुका है जिसमे कई लोगों की जान चली गई थी। उस हादसे के बाद अतिक्रमण पर पुलिस का डंडा चला था इस बार के हादसे के बाद क्या अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस का डंडा चलेगा कि नहीं ये देखने वाली बात होगी।

## महिला थानाध्यक्ष के प्रयास से 05 वैवाहिक जोड़ों की हुई काउंसलिंग

### पति-पत्नी साथ में रहने के लिये हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में आज दिनांक 29.10.2023 को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित परामर्श केन्द्र में थानाध्यक्ष महिला थाना सरोजमा सिंह मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 05 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गढा जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए । इसके अतिरिक्त 02 प्रकरण में अग्रिम तिथि नियत की गई तथा 01 प्रकरण में न्यायालय से कार्यवाही के लिए बताया गया । काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह- समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिसपर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

## महारुद्र सेवा समिति ने लिया आगामी छठ पूजा की तैयारियों का जायजा

### मेला अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्षा व मेला संरक्षक अधिशासी अधिकारी ही होंगे

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र :ओबरा तहसील जनपद सोनभद्र के ओबरा नगर पंचायत के देखरेख में महारुद्र सेवा समिति द्वारा संचालित रेणुका नदी स्थित छठ घाट पर आगामी छठ पर्व पर साफ झ सफाई का कार्य जोरों पर है। दशकों से ओबरा छठ घाट पर महारुद्र सेवा समिति द्वारा संचालित छठ पूजा का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है जिसमें ओबरा नगर पंचायत के अध्यक्ष ही मेला समिति के नामित अध्यक्ष होते हैं, जिनके देखरेख में ही छठ पर्व का भव्य मेला संपन्न होता है। छठ घाट की साफ-सफाई पूजा स्थल , बेदी का निर्माण, श्रद्धालुओं व व्रतियों के लिए पूजा स्थल पर टेंट व लाइट, वाहन पार्किंग, आने जाने वाले मार्ग का मरम्मत आदि कार्य नगर पंचायत ओबरा द्वारा प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। इसी क्रम में आगामी छठ पूजा के मद्देनजर बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति ओबरा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी छठ पूजा में देखते हुए जुटने वाले श्रद्धालुओं से शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन कराने के संबंध में रणनीति पर विचार किया आगामी छठ पूजा में कुछ ही दिन शेष रहने के बावजूद नगर पंचायत ओबरा द्वारा घाट की साफ-सफाई व रास्तों के मरम्मत कार्य प्रारंभ होने संबंधी व मेला आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा प्रतिनिधि श्रवण कुमार पासवान से समिति के अध्यक्ष के बीच अपना बात रखी घाट पर होने वाले तैयारी को लेकर एवं छठ घाट का निरीक्षण कर अव्यवस्था एवं कमियों की सूची तैयार कर नगर पंचायत को अविलंब देने को कहा , छठ घाट निरीक्षण के दौरान उपस्थित नगर पंचायत ओबरा अध्यक्षा चांदनी देवी से अविलंब घाट की साफ-सफाई व पार्किंग आदि की व्यवस्था सुदृढ़ कराने की मांग की, ताकि छठ मेला सकुशल संपन्न कराया जा सके। वीडियो ड्रोन कैमरे से आप पर नजर रखा जाएगा । बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति के वालंटियर एवं प्रशासन मुस्तैद रहेगी ।

उक्त अवसर पर बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति ओबरा के अध्यक्ष विकास कुमार तिवारी , सचिव अनिरुद्ध उपाध्याय, प्रबंधक रामाश्रय बिंद, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह संस्कृति अध्यक्ष निखिल तिवारी, कार्यकर्तागण मौजूद रहे एवं नगर पंचायत प्रतिनिधि श्रवण कुमार पासवान, मनोज भाई आईटी सेल, सभासद संजय कनौजिया, भरोस एवं तमाम नगर पंचायत के कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

## प्याज का भाव बढ़ा, 70 रुपए किलो पहुंचा

गाजीपुर जिले में प्याज के दाम प्रति दिन बढ़े हुए जा रहा इससे पहले पितपक्ष व नवरात्र में बिक्री कम होने कारण दाम कम था इस समय सैदपुर के प्याज के आढ़ती ने बताया कि उस समय 20रुपए किलो बिकता था पिछले दिनों से ज्यादा मांग बढ़ रही है और प्याज बाजार में कम मात्रा में आरही है। आज 70रुपए किलो बिक रहा है जो पिछले दिनों के दाम से चार गुना बढ़ गया है जो रेट हमें मिलता है हमलोग कुछ अपना खर्च रखकर दुकानदार को बेच देते हैं। प्याज बाजार में कम मात्रा में आरही है जो कि सभी लोग की प्याज इस समय सब्जी महंगाई की वजह से बिगड़ रही है पितृ पक्ष और नवरात्र के खत्म होते ही मांसाहारियों को प्याज की अधिक उपयोग होने के कारण दामों का उछाल पकड़ लिया है जिसके कारण शाकाहारी लोग कर रहे हैं कि नॉनवेज होने के कारण प्याज ज्यादा खपत होती इस कारण की प्याज की आयात कम होने के कारण दाम अधिक समय तक उछल रहने की संभावना है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




अगर पूछा जाए कि किस तकनीक ने हम सबकी जीवनशैली को पिछली सदी की तुलना में पूरी तरह बदल दिया है तो, इसका जवाब होगा-इंटरनेट। यही नहीं पूरी दुनिया को ग्लोबल विलेज में बदलने में सबसे बड़ा रोल इंटरनेट का ही है। इंटरनेट के लाइफ में बढ़ते दखल और इसके प्रभावों पर एक नजर।

# दुनिया की लाइफलाइन इंटरनेट लाइफस्टाइल

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

आज इंटरनेट के बिना दुनिया में दो तिहाई लोगों का जीना लगभग नामुमकिन है। इंटरनेट विज्ञान के दूसरे आविष्कारों की तरह महज हमारी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने वाला एक आविष्कार भर नहीं है। यह आज की तारीख में बहुत बड़े पैमाने पर लोगों की जिंदगी की धड़कन बन गया है।

## तीन दशक में बदली जीवनशैली

कई बार सोचकर बड़ा आश्चर्य होता है कि 15 अगस्त 1995 को विदेश संचार निगम लिमिटेड के जरिए भारत पहुंचा इंटरनेट, महज 28 सालों में हमारी रोजमर्रा की जिंदगी की लाइफलाइन कैसे बन गया? आज इंटरनेट काम ना कर रहा हो तो बैंक का कामकाज ठप्प हो जाता है। इंटरनेट के बिना रेलगाड़ियां, हवाई जहाज जहां हैं, वहीं वैसी ही स्थिति में रुक जाएंगी। बड़ी-बड़ी कॉरपोरेट मीटिंग्स, डिसीजंस नहीं हो पाएंगे, यहां तक कि अगर इंटरनेट बाधित हो तो दुनिया की सबसे ताकतवर सेनाएं युद्ध भी नहीं कर सकतीं, क्योंकि आज सब कुछ सेंसर कंट्रोल हो चुका है। आज सब कुछ सिग्नल्स पर चलता है और ये सिग्नल्स इंटरनेट से पैदा होते हैं।

## हर किसी के लिए हुआ जरूरी

इंटरनेट हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है और यह किसी खास वर्ग या हैसियत तक सीमित नहीं है। आज सब्जी मंडी में सब्जी बेचने वाला भी इस पर निर्भर है तो सर्राफा बाजार का सबसे बड़ा कारोबारी भी इसी के इशारे से चलता है। सड़क पर टैक्सी चलाने वाला ड्राइवर इसी के इशारे पर आगे बढ़ने के लिए बाध्य है। हर किसी का कारोबार इससे प्रभावित हुआ है। साल 2010 के आस-पास तक हर साल शादी-ब्याह में पूरे देश में 20-25 करोड़ से ज्यादा मैरिज कार्ड छपते थे। आज इनकी संख्या घटकर कुछ लाखों तक सीमित हो गई है, क्योंकि ज्यादातर लोगों को कार्ड व्हाट्सएप के जरिए भेज दिए जाते हैं। लोगों को निमंत्रण देने की बात हो या औपचारिक-अनौपचारिक संपर्क करने का तरीका, सब कुछ इंटरनेट के जरिए हो रहा है। पहले जब लोग विदेश जाते थे, तो हम सालों-साल उन्हें देख नहीं पाते थे। विदेश छोड़िए, लोग देश में ही जब घर से बाहर चले जाते थे, तो उन्हें दोबारा से देखना तभी संभव होता था, जब वह लौटकर घर आ जाते थे। आज आप देश-दुनिया के किसी कोने में हों, वीडियो कॉलिंग से ना सिर्फ आपको देखना संभव है बल्कि आमने-सामने बात करना, हंसना बोलना, मनोरंजन तक सब कुछ संभव है।



## हो जाते हैं हर तरह के काम

आज दुनिया में 20 फीसदी से ज्यादा फैसले इंटरनेट के कारण बिना अदालत में गए ऑनलाइन होते हैं। आज दुनिया में 75 से 80 फीसदी वैश्विक कारोबार लोगों को बिना आमने-सामने मिले, बिना बैठक किए इंटरनेट के जरिए ऑनलाइन मिलने, मीटिंग करने आदि के जरिए संपन्न हो जाते हैं। दुनिया में 25 फीसदी से ज्यादा एकेडमिक पढ़ाई-लिखाई अब वर्चुअल होती है, मतलब अध्यापकों का या छात्रों का एक-दूसरे के सामने मौजूद होना जरूरी नहीं है। इंटरनेट के जरिए अमेरिका में बैठा अध्यापक भारत के छात्रों को पढ़ा रहा होता है, तो भारत के अध्यापक अमेरिका, यूरोप कहीं के छात्रों को पढ़ा रहे होते हैं। इंटरनेट ने हमारी जीवनशैली के हर पहलू पर क्रांतिकारी परिवर्तन कर दिए हैं।

## संपर्क माध्यम में आई क्रांति


इंटरनेट के जरिए पत्र व्यवहार जैसा भावुक रिश्ता पूरी तरह से बदल गया है। पहले लोग चिट्ठियों का इंतजार करते थे, आज किसी भी पल किसी से संपर्क करना हो, फटाफट मेल लिखी और वह उसी समय उस तक पहुंच जाती है। ना डाकिए की राह देखने की जरूरत पड़ती है और ना ही पत्रों के इंतजार में दिन गिनने पड़ते हैं। एक जमाने में जब दूर मौजूद लोगों से बातचीत या संपर्क का जरिया पत्र व्यवहार ही हुआ करता था, तब हम मुश्किल में पूरे साल में 10 नए लोगों से पत्र व्यवहार कर पाते थे। लेकिन इंटरनेट ने हमें इस कदर बदल कर रख दिया है कि आज हम हर दिन औसतन 22 से 27 लोगों से बात करते हैं, जिनमें कम से कम 5 अजनबी यानी ऐसे लोग होते हैं, जिनसे हमारा पहले से परिचय नहीं होता। हमारी जिंदगी का कोई भी ऐसा काम नहीं है, जो आज इंटरनेट से किसी ना किसी रूप में जुड़ा ना हो। इसलिए आज इंटरनेट सही मायनों में हमारी जिंदगी की ऑक्सीजन बन गया है।

## नेट कनेक्शन का हब बना भारत

भारत पनडुब्बी केबल के जरिए इंटरनेट से जुड़ा हुआ है। पूरी दुनिया समुद्र में पड़ी बड़ी-बड़ी इंटरनेट केबल्स के जरिए आपस में जुड़ी हुई है। भारत आमतौर पर नई तकनीकी के मामले में इतना फ्रेंडली पहले नहीं हुआ करता था, लेकिन आज भारत में हर महीने 10 लाख से ज्यादा फोन खरीदे जाते हैं और हर महीने 50 हजार से ज्यादा अब भी नए कनेक्शन और मोबाइल सेट लिए जाते हैं, क्योंकि भारत इंटरनेट कम्युनिकेशन का हब है।

वर्ल्ड इंटरनेट डे मनाए जाने का कारण यही है कि इस तकनीक ने हमारी जिंदगी बदलकर रख दी है, इसलिए हम इसके महत्व को समझें और इसके सही उपयोग को लेकर सजग रहें। *

# पासवर्ड नहीं अब आ रहा पास-की



जैसे-जैसे दुनिया इंटरनेट पर डिपेंड होती जा रही है, साइबर क्राइम्स के खतरे भी बढ़ रहे हैं। इसके लिए अभी तक यूज हो रहे पासवर्ड की जगह पूरी तरह पास-की ले लेगा। उम्मीद की जा सकती है कि इससे साइबर क्राइम्स काफी कम हो जाएंगे।

न्यू टेक्नीक

शिखर चंद जैन

विकास के सहयोगी मेहुल से ऑफिस में सब डरते हैं। उसमें एक गजब का टैलेंट है। वह देखते ही देखते किसी के भी पासवर्ड को थोड़े से प्रयास से क्रैक कर लेता है। मेहुल जैसा टैलेंट देश में बहुत से लोगों के पास है। विशेष रूप से साइबर अपराधी इस काम में माहिर होते हैं। इसीलिए तो वे बड़ी आसानी से किसी भी एप या साइट को हैक करके रुपया उड़ा लेते हैं या अन्य अपराध कर लेते हैं।

**फीडो का नवाचार :** साइबर अपराध के खतरे से बचने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण एप्स को एक्सेस करने के लिए अब फीडो एलायंस ने एक नई तकनीक ईजाद की है, जो काफी सुरक्षित है। इसे क्रैक करना बेहद मुश्किल है। फीडो का अर्थ है-फास्ट आइडेंटिटी ऑनलाइन। यह तकनीक एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य टेक कंपनियों का साझा प्रयास है। इसमें पासवर्ड की बजाय 'पास-की' से एक्सेस की सुविधा होगी।

**क्या है पास-की:** पास की के माध्यम से आप अपने डिवाइस (लैपटॉप या मोबाइल) से सीधा अपने एप तक पहुंच पाते हैं। इसमें पिन अनलॉक कोड या बायोमेट्रिक का इस्तेमाल किया जाता है। बायोमेट्रिक का अर्थ हुआ फिंगर प्रिंट, फेस स्कैन या किसी विशेष फिजिकल सिक्योरिटी डोंगल के जरिए अनलॉक करना। इस बिना पासवर्ड वाले सिस्टम में इंसान द्वारा पढ़ने लायक कोई सूचना ना होकर, उपकरण और इंटरनेट के बीच सीधा संवाद होता है। आपकी पहचान की पुष्टि तभी की जाती है, जब आपका स्मार्टफोन या लैपटॉप खुद द्वारा तैयार वन यूज यानी एकल उपयोग योग्य कोड इंटरनेट को या आपके एप को भेजता है।



**पास-की के फायदे:** साइबर क्रिमिनल्स, तरह-तरह की बातें बनाकर, साजिश के तहत लुभाने वाले झूठे लिंक भेजकर, नकली सर्विस प्रोवाइडर या सरकारी मुलाजिम बनकर आपसे ओटीपी या पासवर्ड हथिया सकते हैं। या फिर आपको बातों में उलझा कर आपकी जन्म तारीख, पैन नंबर, आधार नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां चुराकर आसानी से आपके पासवर्ड को जनरेट या गेस कर सकते हैं। लेकिन पास-की आपकी मुट्ठी में रहती है। यह सिर्फ आपके डिवाइस से ही संचालित हो सकती है। यह कभी लीक नहीं हो सकती। इसमें सुरक्षा की कई परतों का इंतजाम होता है। आपकी पास-की आईक्लाउड में सुरक्षित रहेगी।

**क्यों जरूरी है पास-की:** आज आए दिन देखा जाता है कि पलक झपकते ही आपके बैंक खाते से लाखों रुपए उड़ा लिए जाते हैं। आपकी पहचान चुराकर आपके दोस्तों और परिचितों से रुपए झटक लिए जाते हैं या आपकी पहचान का इस्तेमाल करके कोई अपराध कर लिया जाता है। दरअसल, पासवर्ड याद रखने के चक्कर में लोग अकसर इसे बहुत आसान बना लेते हैं। साइबर क्रिमिनल्स को पता है कि आपने एबीसी, 123 या अपने जन्म की तारीख, वर्ष, अपने नाम का पहला या अंतिम हिस्सा या अपनी पत्नी या बेटी के नाम का कोई अंश शामिल करके पासवर्ड बनाया होगा। इसलिए उनके लिए काम बहुत आसान हो जाता है। ऐसी विकट परिस्थिति में पास-की का इस्तेमाल बहुत जरूरी हो गया है।

**अगर खो जाए डिवाइस:** आपके मन में शंका होगी कि किसी ने स्मार्टफोन या लैपटॉप ही चुरा लिया तब तो वह आपके सारे एप खोल लेगा। या अगर डिवाइस खो जाए तो क्या करें? ऐसे में परेशान ना हों क्योंकि पास-की में बायोमेट्रिक पहचान जरूरी है, जैसे फिंगर प्रिंट या आपका फेस स्कैन आदि। आपका पास-की आईक्लाउड में रहता है। इसलिए जब आप नया डिवाइस लेंगे तो आप फिर से इसे उसमें अपनी फिंगर प्रिंट या फेस स्कैन को अपलोड कर सकते हैं। *

# इंटरनेट यूज करने की समझ है जरूरी

प्रिकॉशन / एम. शर्मा

इंटरनेट की आभासी दुनिया आज हमारे वास्तविक संसार का सच बन चुकी है। संदेश या सूचना भेजने से कहीं आगे बढ़कर वर्चुअल वर्ल्ड अब हमारे जीवन में गहरी दखल रखने लगा है। लेकिन इसके साथ जरूरी है कि तकनीक के इस्तेमाल की समझ और जिम्मेदारी का भाव भी हम में हो।

**एडिक्शन से बचें:** हर सुविधा के साथ कुछ असुविधाजनक पक्ष भी जुड़े होते हैं। दुनिया से जोड़ने वाले इंटरनेट ने हमें करीबी अपनों से ही दूर कर दिया है। मौजूदा समय में दुनिया के 46 प्रतिशत से अधिक लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में जरूरी है कि तकनीक से मिली इस सुविधा को सनक ना बनाया जाए। हर ओर से घेरते तकनीकी संसार में हमें याद रखना होगा कि सर्च और अपडेट्स के बाहर भी एक दुनिया है, हमारी सामाजिक-पारिवारिक दुनिया। देश-दुनिया से हमें व्यावहारिक धरातल पर जोड़ने वाला सामुदायिक संसार। इसीलिए ध्यान रहे कि ज्ञान और मनोरंजन के संसार में मन का सधापन भी बना रहे। चिंता की बात है कि जरूरत बनकर हमारी जिंदगी में आई इंटरनेट की दुनिया अब लत बन रही है। हमारे देश में साइबर एडिक्शन से जुड़ा एक सर्वे कहता है कि 18 से 30 साल के



5 में से 3 युवा अपने स्मार्टफोन के बिना बेचैनी महसूस करते हैं। 70 फीसदी युवाओं का कहना है कि वे ई-मेल और सोशल मीडिया देखे बिना नहीं रह पाते। समझना मुश्किल नहीं कि लत स्मार्टफोन की नहीं बल्कि इंटरनेट से जुड़ी है। ऐसे में इस सुविधा को एडिक्शन बनने से रोकने के लिए स्व-अनुशासन जरूरी है।


**अपराध के जाल से बचें:** आज बहुत सी आपराधिक गतिविधियां, स्क्रीन इंटरनेट के जरिए आम लोगों तक जा पहुंची हैं। घर के भीतर बैठे लोग भी सुरक्षित नहीं हैं। इसीलिए इंटरनेट से मिली सुविधाओं के इस्तेमाल में सजगता आवश्यक है। फिशिंग, सेक्सटॉर्शन, ड्रग डिलीवरी, तस्वीरें मॉर्फ कर ब्लैकमेलिंग, व्यक्तिगत जानकारियां जुटाकर धोखाधड़ी, अपहरण और जाने क्या-क्या? बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई धोखे और ठगी का शिकार हो रहा है।

**भ्रामक संदेशों से बचें:** अपराधों के साथ-साथ इंटरनेट अप्रमाणित खबरों यानी अफवाहों का भी अड्डा बन रहा है। इससे सामाजिक रूप से भी असहिष्णुता फैलती है। पूरी दुनिया को जोड़ने वाले इस माध्यम पर मौजूद ऐसी बातें देश-समाज की छवि और सुरक्षा के लिए भी खतरा बनती हैं। इसीलिए इंटरनेट यूजर्स में जवाबदेही का भाव जरूरी है। किसी सूचना, जानकारी की सच्चाई को जाने बिना शेयर कर आगे बढ़ाते रहने की गलती से बचना जरूरी है। दायित्वबोध का यह भाव आभासी संसार के सार्थक और सुरक्षित इस्तेमाल के लिए बेहद जरूरी है। *

लघुकथा

वीरेंद्र बहादुर सिंह

# सजी हुई किताबें



बॉस के एयरकंडीशंड ऑफिस में घुसते ही तिवारी के चेहरे पर पसीना आ गया। सामने मेज पर पड़ी नोटों की गड्डियां और बॉस की रहस्यमयी मुस्कान देखकर उसे कुछ समझ में नहीं आया। सत्तर साल की उम्र में भी गजब की फुर्ती रखने वाले उसके बॉस उसके आदर्श थे। बॉस द्वारा बताई गई बातें उसके लिए एक मोटिवेशन थीं।

बॉस ने सामने रखी कुर्सी पर बैठने का इशारा किया और बोलना शुरू किया, 'तिवारी जी, मेरी बात हो गई है, बिल्डिंग के तीन फ्लोर बनवाने के बारे में, परमीशन मिल जाएगी। तुम भरोसे वाले आदमी हो। ये दस लाख रुपया ले जाओ। रात नौ बजे 'होली-डे इन' होटल में तुम्हारे नाम से टेबल बुक कराई है। मिस्टर तुषार तुम्हें वहां मिलेंगे। बस, तुम्हें यह बैग उन्हें देकर उनके साथ डिनर करना है और चले आना है। इसी बहाने फाइव स्टार होटल में खाना खा लोगे।' अपना अंतिम वाक्य पूरा करने के साथ बॉस ने आंख मार दी।

'पर सर यह तो रिश्वत है! हमने ऑलरेडी दो फ्लोर बना लिए हैं।' तिवारी की आत्मा को यह काम करना बेईमानी लग रहा था। इसलिए उसने अपने बॉस से यह बोल दिया।

'अरे, आजकल के नौजवानों को बिजनेस चलाने की समझ ही नहीं है। मुझे किसी दूसरे आदमी को भेजना पड़ेगा। एक बात याद रखना तिवारी, यह बात अगर बाहर गई तो तुम्हारी खैर नहीं। आशा है, तुम बात समझ गए होगे। अब तुम जा सकते हो।' गुस्से में तिवारी को जाने का इशारा करके बॉस किसी को फोन करने लगे। केबिन से बाहर निकलते हुए तिवारी को बॉस के पीछे रखी एक सुंदर शेल्फ में कुछ किताबें दिखाई दीं, जिनके नाम थे- 'सत्य के प्रयोग', 'कर्म के सिद्धांत', 'ईमानदारी का पथ'। वह अपने बॉस का आज एक नया ही रूप देखकर दंग था। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# नैसर्गिक असामान्यता की संवेदनशील कथा

भले ही कई पश्चिमी देशों में एलजीबीटी समुदाय को स्वतंत्र निर्णय लेने के अधिकार मिल चुके हैं, लेकिन अपने देश में अभी भी ऐसे लोगों को लेकर सामाजिक और नैतिक जकड़बंदियां हैं। हाल में ही शीर्ष अदालत के इस संबंध में आए एक निर्णय से यह मुद्दा इन दिनों चर्चा में है। बहरहाल, नैसर्गिक असामान्यता के साथ जीने वाले लोगों को किस तरह के मानसिक द्वंद्व और सामाजिक-पारिवारिक उपेक्षा को सहना पड़ता है, इसका अनुमान लगाना कठिन है। ऐसी ही मनोदशा का सामना करने वाले श्लोक और अनुराग के जीवन की जटिलताओं को, अमित गुप्ता ने अपने उपन्यास 'देहरी पर ठिठकी धूप' में मार्मिकता के साथ व्यक्त किया है। इस उपन्यास में श्लोक की पत्नी मीरा का किरदार, लेखक ने बहुत संजीदगी से गढ़ा है। एक ऐसी महिला जिसका भाई और पति सामाजिक-नैतिक रूप से अस्वीकृत रिश्ते को जी रहे हैं, उसकी मानसिक दशा का आकलन लेखक ने गहनता से किया है। *




**पुस्तक:** देहरी पर ठिठकी धूप, **लेखक:** अमित गुप्ता, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** राधाकृष्ण पेपरबैक्स, दिल्ली

व्यंग्य

डॉ. रंजना जायसवाल

कुछ ठहरकर डेंगू के उस मच्छर ने महामहिम मादा मच्छर के सामने सवाल रखा, 'महामहिम आप ही बताएं, इन सामान्य मच्छरों की अपनी थाली का छप्पन भोग अभी कम था, जो दूसरे की थाली में छेद करने चले आ रहे हैं? ये इंसानों के गुण मच्छरों में कब से आ गए?' बात गंभीर थी। आखिर मच्छरों पर इंसानी हरकतें करने का आरोप जो था।

# थाली में छेद



मच्छरों में भारी आक्रोश था। बात महामहिम मादा मच्छर के पास पहुंची। उन्होंने दोनों पक्षों को बुलावा भेजा। डेंगू के मच्छर मानो इसी बुलावे के इंतजार में थे। वह तत्काल शहर के प्रेस्टीजियस गंदे नाले दरबार में उपस्थित हो गए। प्रेस्टीजियस इसलिए क्योंकि शहर भर के नाले का समागम इसी नाले में होता था।

मच्छर की प्रजाति में भी महिलाओं का दबदबा था। प्रजाति कोई भी हो, पुरुष निठल्ले ही देखे जाते हैं। यहां भी यही हाल था, शायद इसलिए मच्छरों की मुखिया और महामहिम मादा मच्छर ही होती हैं।

खैर, सबको बुलावा भेजा गया, सामान्य मच्छरों ने आने में थोड़ी आना-कानी की। शायद उन्हें अपनी गलती का एहसास था। दसों दिशाओं में 'भिन-भिन' की आवाज का कोलाहल था। नवजात शिशु से लेकर मरे-अटके पड़े मच्छर भी इस सभा में उपस्थित हुए। डेंगू मच्छर की आंखों में अपमान के आंसू थे। मादा मच्छर ने गंदगी में डूबी वाणी से बोलना शुरू किया, 'आखिर मामला क्या है?'

डेंगू मच्छर के प्रतिनिधि ने बताया, 'महोदया, इस बार सीधे दिल पर चोट दी गई है। एक तो हमें त्योहार की तरह सीजन-सीजन पर ही पूछा जाता है। एडॉक पर नौकरी मिली हुई है। सामान्य मच्छरों को तो साल भर भिन-भिनाने का मौका मिलता है, पर उस पर भी इन्हें चैन नहीं। ये तो बिन पेंदी के लोटा हुए जा रहे हैं।'

इस आरोप के जवाब में सामान्य मच्छरों का कहना था, 'परिवार बड़ा हो रहा है तो उनके पालने की जिम्मेदारी कैसे पूरी करें? इसलिए ओवरटाइम भी कर लेते हैं। कभी-कभी दूसरे के क्षेत्र में भी$S..'

'सीधे-सीधे कहिए टांग अड़ा लेते हैं। डॉक्टर भी डेंगू के नए लक्षण देखकर चकरा गए हैं, उनका कहना है इस बार डेंगू के सिंप्टंप्स बदले हुए हैं।' डेंगू फैलाने वाला एक मच्छर बोला।

इस पर एक अन्य डेंगू मच्छर ने स्पष्ट किया, 'अरे भाई, सीधे कहो न रंग बदले हुए हैं।'

'अरे भाई, हम कोई गिरगिट थोड़ी हैं, ना ही इंसान, जो मौके के हिसाब से रंग बदलें।' सामान्य मच्छर ने अपनी बात रखी। एक अनुभवी डेंगू मच्छर ने अपने समुदाय के दुखड़े को बयां किया, 'अस्पताल डेंगू के मरीजों से भरे पड़े हैं पर मजाल है कि एक खबर अखबार में छप जाए। सरकार भी हमारी बढ़ती हुई लोकप्रियता से बुरी तरह घबराई हुई है। कहीं ऐसा ना हो अगला चुनाव हमारी वजह से न हार जाए, इसलिए भरपूर मीडिया कवरेज भी नहीं मिल पा रही। कुछ डॉक्टरों का मानना है कि डेंगू के पेशेंट को अगर सामान्य मच्छर भी काट ले और उसके बाद वह सामान्य व्यक्ति को काटता है तो वह डेंगू का पेशेंट हो जाएगा।' कुछ ठहरकर डेंगू के उस मच्छर ने महामहिम मादा मच्छर के सामने सवाल रखा, 'महामहिम आप ही बताएं, इन सामान्य मच्छरों की अपनी थाली का छप्पन भोग अभी कम था, जो दूसरे की थाली में छेद करने चले आ रहे हैं? ये इंसानों के गुण मच्छरों में कब से आ गए?'

बात गंभीर थी। आखिर मच्छरों पर इंसानी हरकतें करने का आरोप जो था। दरबार में सन्नाटा छा गया, शायद इस सवाल का जवाब महामहिम मादा मच्छर जी के पास भी नहीं था। *